* वर्ष 40 * अंक 59 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर मंगलवार दिनांक 26 नवम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक



## 77वें एकलिंग दीवान बने विश्वराज सिंह


### सलूंबर रावत देवव्रत सिंह ने अंगूठे के रक्त से किया राजतिलक

### चित्तौड़ दुर्ग के फतहप्रकाश महल में आयोजन, सभी राव-उमराव रहे मौजूद

**उदयपुर (पुकार)।** ऐतिहासिक चित्तौड़ दुर्ग पर लगभग पांच शताब्दी के बाद एकलिंगनाथ के दीवान के रूप में विश्वराजसिंह मेवाड़ का महाराणा रूप में राजतिलक का आयोजन किया गया। फतहप्रकाश महल परिसर में आयोजित विशाल समारोह में मेवाड़ी परंपरा के अनुरूप मेवाड़ के पूर्व महाराणा महेन्द्र सिंह के निधन के पश्चात उनके पुत्र विश्वराज सिंह का मेवाड़ के महाराणा के रूप में राजतिलक किया गया। परंपरानुसार सलूम्बर रावत देवव्रत सिंह ने तलवार से अंगूठे का रक्त निकालकर महाराणा को तिलक किया। इस दौरान मेवाड़, मालवा, मारवाड़, वागड़, हाड़ौती सहित देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बडी संख्या में आये राज परिवार के सदस्यों के साथ ही 16 राव एवं 32 उमराव के अलावा सर्वसमाज के लोगों ने राजतिलक ने सहभागिता निभाते हुए महाराणा को नजराने भेंट किये। विश्वराजसिंह के समारोह स्थल पहुंचने पर बैण्ड की मधुर धुनों, के साथ अभिनंदन किया। राजतिलक के बाद तोपों की सलामी दी गई। विश्वराज सिंह ने फतहप्रकाश महल पहुंचते ही सबसे पहले दरीखाने पहुंचकर नमन किया, तत्पश्चात् उन्हें विधि-विधान के साथ स्थापित राजगद्दी पर आसीन किया गया।








### राजतिलक के बाद उदयपुर लौटे विश्वराजसिंह को नहीं करने दिए धुणी के दर्शन, समर्थकों में आक्रोश

# सिटी पैलेस से बरसे पत्थर, जवाबी पथराव भी हुआ, प्रशासन ने पैलेस गेट पर चस्पा किया नोटिस

### देर रात तक समर्थकों के साथ जमे रहे महाराणा रात्रि करीब 1.30 बजे समोरबाग लौटे, समर्थक भी हटे, प्रशासन को दिया आज सुबह 8 बजे तक कार्रवाई करने का समय, नहीं तो पैलेस में घुसने की चेतावनी

**उदयपुर (पुकार)।** मेवाड़ राजवंश के विश्वराजसिंह मेवाड़ के 77वें दीवान के रूप में चित्तौड़ दुर्ग पर राजतिलक के बाद परपंरानुसार धुणी दर्शन के लिए सिटी पैलेस जाने से रोक दिया गया। इससे समर्थकों में आक्रोश व्याप्त हो गया। इधर, स्थिति को भांपते हुए प्रशासन व पुलिस ने पहले ही यहां बेरिकेड्स लगाकर रास्ता रोक दिया था। सिटी पैलेस के रंगनिवास और जगदीश चौक के दरवाजे बंद कर दिए गए थे। रंगनिवास के बाहर रोके जाने पर विश्वराज समर्थकों के साथ बेरिकेड्स हटाते हुए जगदीश चौक पहुंच गए और वहां से जबरन सिटी पैलेस की ओर जाने की जिद पर अड़ गए।

जगदीश मंदिर के बाहर करीब आधे घंटे तक चले घटनाक्रम के बाद रणधीर सिंह भीण्डर, यदुवीर सिंह कृष्णावत, वीरमदेव सिंह कृष्णावत और जैवाणा से योगीराज सिंह का प्रतिनिधिमंडल जगदीश चौक से पैदल ही वार्ता करने के लिए सिटी पैलेस की ओर गया। सिटी पैलेस के बाहर बेरिकेट्स के वहां पर इन सभी को रोक दिया गया। बाद में जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल, एसपी योगेश गोयल से बात की और बताया कि मेवाड़ परम्परा के अनुसार केवल धुणी के दर्शन कर निकल जाएंगे और जो नीचे विरोध चल रहा है वह स्वतः ही समाप्त हो जाएगा। वार्ता के बाद जिला कलेक्टर और एसपी सिटी पैलेस में गए और वहां पर लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ व उनके प्रतिनिधियों से बात की तो उन्होंने अंदर आने से साफ इंकार कर दिया। करीब आधे घंटे इस प्रतिनिधिमंडल के बाहर खड़े रहने के बाद भी पैलेस के अंदर से इंकार का ही जवाब आया। इस पर यह प्रतिनिधिमंडल बैरंग लौट आया।

करीब तीन घंटे तक जगदीश चौक में अपनी कार में विश्वराज सिंह मेवाड़ को बैठा देखकर युवाओं में आक्रोश बढ़ गया और युवाओं ने पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की कर जबरन बेरिकेट्स को हटा दिया और विश्वराज सिंह मेवाड़ को जगदीश चौक से सिटी पैलेस की ओर जाने दिया गया। जैसे ही विश्वराज सिंह जगदीश चौक से सिटी पैलेस की ओर थोड़ी दूर चले थे कि प्रशासन ने फिर से रोक दिया गया। उनके साथ जो भी ठिकानेदार व अन्य राजपूत समाज के मौतबीर लोग थे उन्हें भी रोक दिया गया। जगदीश चौक से लालघाट की ओर जाने वाली पोल के पास स्थित एक प्रतिष्ठान के बाहर आईजी राजेश मीणा, कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने बात की, लेकिन मेवाड़ और अन्य राजपूत समाज के मौतबीर इस बात पर अड़ गए कि धुणी के दर्शन तो आज ही किए जाएंगे। इधर जिला प्रशासन ने विश्वराज सिंह मेवाड़ से रात्रि करीब 10 बजे एक घंटे का समय मांगा।










#### त्रिपोलिया गेट से पैलेस गार्ड्स ने बरसाए पत्थर

प्रशासन अभी एक घंटे में कार्यवाही करता उससे पहले ही त्रिपोलिया दरवाजे से कुछ ही दूरी पर पुलिस द्वारा लगा रखे बेरिकेट्स और पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की कर त्रिपोलिया गेट तक पहुँच गए और त्रिपोलिया गेट के बाहर लग रहे सीसीटीवी कैमरों को तोड़ दिया। जैसे ही सीसीटीवी कैमरों को तोड़ा तो त्रिपोलिया दरवाजे के उपर सिटी पैलेस के गार्ड खड़े हो गए। विश्वराज सिंह के समर्थक कुछ युवा तो त्रिपोलिया गेट पर चढ़ गए। यह देखकर त्रिपोलिया गेट के उपर खड़े सिटी पैलेस के गार्डों ने बाहर की ओर पथराव करना शुरू कर दिया। जैसे ही पथराव शुरू हुआ तो बाहर खड़े लोगों में हड़कंप मच गया और लोग इधर-उधर भागने लगे, जिससे भगदड़ मच गई। पैलेस के अंदर से हुए भारी पथराव से करीब एक दर्जन से अधिक लोगों को चोंटे आई। जिसमें राजपूत समाज के लोगों के साथ-साथ पुलिसकर्मी भी शामिल रहे। कुछ देर तक चले पथराव के बाहर बाहर से भी पैलेस में पथराव करना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद महाराणा विश्वराज सिंह के समर्थकों ने त्रिपोलिया गेट के बाहर स्थित पैलेस के अंदर जाने वाले बुकिंग काउंटर में घुसकर तोड़फोड़ कर दी, जिससे बुकिंग काउंटर के सारे कांच फूट गए। इधर मौके पर एसपी और कलेक्टर स्थिति को संभालने में लगे रहे और गेट के बाहर जो जाब्ता खड़ा था वह भी अपनी सुरक्षा के लिए वहां से हटकर एक तरफ खड़े हो गए। इधर त्रिपोलिया गेट के बाहर मौजूद लोग भी आस-पास की दुकानों के अंदर चले गए और वहां पर शरण ली।

#### रिसीवर नियुक्त, पैलेस गेट पर चिपकाया नोटिस

इधर विश्वराज सिंह मेवाड़ राजपूत समाज के मौतबीरों के साथ जगदीश मंदिर के पास में एक प्रतिष्ठान के बाहर बैठे है और पुलिस-प्रशासन की ओर से की जाने वाली कार्यवाही का इंतजार कर रहे है। जिला मजिस्ट्रेट अरविंद पोसवाल के निर्देश पर घंटाघर थानाधिकारी ने कानून व्यवस्था बिगड़ने की एक रिपोर्ट अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर के समक्ष पेश की। इस रिपोर्ट के आधार पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर ने एक आदेश जारी किया, जिसमें बड़ी पोल से लेकर धूणी तक और जनाना महल के तक के क्षेत्र पर घंटाघर थानाधिकारी को रिसीवर नियुक्त कर दिया। इस नोटिस को पैलेस के गेट पर चस्पा कर दिया। साथ ही 2 दिसम्बर तक विपक्षी (ट्रस्ट) से जवाब मांगा है।



## कोस्ट गार्ड की सबसे बड़ी कार्रवाई : मछली पकड़ने वाली नाव में मिला 6 टन नशे का सामान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजे) ने एक बड़े मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास 6,000 किलोग्राम प्रतिबंधित मेथाम्फेटामाइन ले जा रही एक नौका को जब्त कर लिया, जिसमें म्यांमा के छह चालक दल सदस्य थे। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह मादक पदार्थ दो दो किलोग्राम वजन के लगभग 3,000 पैकेट में पैक पाए गए, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत कई करोड़ रूपये है।



रक्षा अधिकारी ने बताया कि 23 नवंबर को नियमित गश्त के दौरान तटरक्षक डोर्नियर विमान के पायलट ने बैरन द्वीप के पास मछली पकड़ने वाली एक नौका की संदिग्ध गतिविधि देखी। बैरन द्वीप पोर्ट ब्लेयर से करीब 150 किलोमीटर दूर है।

अधिकारी ने कहा, नौका को चेतावनी दी गई और उसकी गति कम करने को कहा गया तथा इस बीच पायलट ने अंडमान एवं निकोबार कमान को इसकी जानकारी दी। तत्काल हमारे नजदीकी तीव्र गश्ती जहाज बैरन द्वीप की ओर रवाना हो गए तथा मछली पकड़ने की नौका को आगे की जांच के लिए 24 नवंबर को पोर्ट ब्लेयर ले गए।

रक्षा अधिकारी ने कहा, हमने नौका से म्यांमार के छह नागरिकों को गिरफ्तार किया है। माना जाता है कि मेथाम्फेटामाइन भारत और उसके पड़ोसी देशों में तस्करी के लिए था। हमने संयुक्त पूछताछ के लिए अंडमान और निकोबार पुलिस को सूचित कर दिया है। यह पहली बार नहीं है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारतीय जलक्षेत्र में इस तरह की प्रतिबंधित, तस्करी की सामग्री जब्त की गई हो। 2019 और 2022 में भी विदेशी जहाजों से इसी तरह के नशीले पदार्थ जब्त किए गए थे, जब वे भारतीय जलक्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। मेथाम्फेटामाइन का उपयोग मुख्य रूप से नशे के लिए किया जाता है।

#### प्रदेश की 49 नगरीय निकायों का कार्यकाल खत्म

## सरकार ने कलेक्टर, एडीएम-एसडीएम को नियुक्त किया प्रशासक

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान के 49 नगरीय निकायों (नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम) में कार्यकाल पूरा हो गया है। इसे देखते हुए सरकार ने सोमवार को यहां प्रशासक नियुक्त किए हैं। अब नया बोर्ड बनने तक यही प्रशासक इन निकायों में तमाम निर्णय करते हुए सरकार के पास प्रस्ताव भिजवाएंगे। सरकार ने प्रशासक के तौर पर इन जगहों पर कलेक्टर, उपखंड अधिकारी (एसडीएम) और अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) को नियुक्त किया है। जहां नगर निगम है वहां कलेक्टर, जहां नगर परिषद है वहां एडीएम और जहां नगर पालिका है, वहां एसडीएम प्रशासक के तौर पर लगाया है। राज्य में सोमवार (25 नवंबर) को 5 नगर निगम, 20 नगर परिषद और 24 नगर पालिकाओं का कार्यकाल खत्म हो गया। सरकार ने 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' के तहत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में एक साथ चुनाव करवाने का बजट में ऐलान किया है। इसे देखते हुए सरकार ने अब इन निकायों के अलावा 109 अन्य नगरीय निकायों में भी परिसीमन का काम शुरू करने के आदेश संबंधित जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए हैं।

#### साल 2026 में हो सकते हैं एक साथ चुनाव

वन स्टेट, वन इलेक्शन के तहत अगर सरकार चुनाव करवाती है तो वह साल 2026 में ही हो सकते हैं। क्योंकि अजमेर नगर निगम का कार्यकाल फरवरी 2026 में खत्म होगा। वहीं जयपुर, कोटा, जोधपुर नगर निगमों के अलावा अन्य निकायों का कार्यकाल नवंबर 2025 में पूरा होगा।

#### प्र.म. मोदी की अपील बेअसर

## पहले ही दिन संसद जोरदार हंगामा; दोनों सदन स्थगित



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार को शुरू हुआ। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों ही सदनों को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। मंगलवार को 11 बजे फिर से दोनों सदनों का कार्यवाही होगी। लोकसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोबारा शुरू होने के एक मिनट के अंदर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई और प्रश्नकाल समेत कोई विधायी कामकाज नहीं हुआ। वहीं राज्यसभा में कार्यवाही शुरू होते ही गौतम अडानी ग्रूप पर लगे रिश्वतखोरी के आरोपों पर चर्चा की मांग करने लगे। इसके बाद जोरदार हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

## संविधान की प्रस्तावना से नहीं हटेंगे 'समाजवादी' और 'पंथ निरपेक्ष'

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दीं सारी याचिकाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान दिवस से पहले बड़ा फैसला सुनाते हुए संविधान की प्रस्तावना में शामिल 'समाजावादी' और 'पंथ निरपेक्ष' शब्द को हटाने की मांग वाली याचिकाओं को थोक में खारिज कर दिया। 1976 में संविधान में 42वें संशोधन के बाद इन दोनों शब्दों को प्रस्तावना में शामिल किया गया था। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार ने कहा कि संसद के पास संविधान में संशोधन करने का अधिकार है। हालांकि किसी संशोधन से संविधान के मूल तत्व में बदलाव नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि 26 नवंबर 1949 के जैसी प्रस्तावना करने के लिए ही इन शब्दों को प्रस्तावना से हटाया नहीं जा सकता। सही बात यह है कि 26 नवंबर 1949 को संविधान देश के लोगों को सौंप दिया गया था। लेकिन संविधान को स्वीकार करने की तारीख आर्टिकल 368 के तहत दिए गए अधिकार को खत्म नहीं कर सकती। भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी, सामाजिक कार्यकर्ता बलराम सिंह और ऐडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका फाइल करते हुए कहा था कि 42वें संशोधन के बाद संविधान बनाने वालों के मूल दृष्टिकोण को खत्म कर दिया गया।उन्होंने कहा, समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द 1976 में संशोधन के माध्यम से जोड़े गए थे और इस तथ्य से कोई फर्क नहीं पड़ता कि संविधान को 1949 में अपनाया गया था... यदि पहले के मामलों में प्रभावी होने वाली इन दलीलों को स्वीकार कर लिया गया तो वे सभी संशोधनों पर लागू होंगी। स्वामी ने अपनी याचिका में कहा था कि संविधान जिस तारीख को अपनाया गया था, उस समय जो प्रस्तावना थी उसे बदल दिया गया।



# सम्पादकीय

## बचपन पर तपिश

अक्सर यह सवाल विमर्श में होता है कि धरती के प्रति गैर-जिम्मेदार व्यवहार के चलते हम कैसा देश आने वाली पीढ़ियों के लिये छोड़कर जाएंगे। वायु प्रदूषण की विभीषिका, गहराते जल संकट, सिमटते प्राकृतिक संसाधन व रोजगार की विसंगतियों के बीच आने वाली पीढ़ी के बच्चों का जीवन निस्संदेह संघर्षपूर्ण होगा। चिंता की बात यह है कि इन तमाम विसंगतियों व नेतृत्व की अदूरदर्शिता के बीच बच्चों के भविष्य पर जलवायु संकट का खतरा अलग से मंडराने लगा है। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ ने बच्चों के भविष्य की तस्वीर उकेरते हुए विभिन्न चुनौतियों के मुकाबले के अनुरूप नीति निर्माण की जरूरत बतायी है। यह एक हकीकत है कि वर्ष 2021 तक भारत बच्चों पर जलवायु जोखिम सूचकांक में 163वें स्थान पर रहा है। लेकिन इस सदी के मध्य तक स्थिति खासी चुनौतीपूर्ण होने की आशंका है। यूनिसेफ का आकलन है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते वर्ष 2050 तक बच्चों को वर्ष 2000 की तुलना में आठ गुना अधिक तपिश झेलनी पड़ सकती है। दरअसल, हाल ही में यूनिसेफ ने 'द फ्यूचर ऑफ चिल्ड्रेन इन चेंजिंग वर्ल्ड' शीर्षक अपनी सालाना रिपोर्ट में भारत में बच्चों के भविष्य को लेकर उत्पन्न चुनौतियों का मंथन किया है। इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि साल 2050 तक भारत में 35 करोड़ बच्चे जनसांख्यिकीय बदलावों, जलवायु संकट और तकनीकी बदलावों की चुनौतियों का सामना कर रहे होंगे। दरअसल, यूनिसेफ ने सदी के पांचवें दशक तक की तीन महत्वपूर्ण वैश्विक प्रवृत्तियों का खाका खींचा है। ये घटक नौनिहालों के भविष्य के जीवन को नया स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि उस समय देश जनसांख्यिकी बदलावों की चुनौती से जूझ रहा होगा। आकलन किया जा रहा है कि इस बदलाव के चलते ही वर्तमान की तुलना में बच्चों की संख्या में करीब दस करोड़ की कमी आएगी। ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया में एक अरब बच्चे वर्तमान में उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का मुकाबला कर रहे हैं, तो 2050 की स्थिति का सहज आकलन किया जा सकता है।

निस्संदेह, यूनिसेफ की हालिया रिपोर्ट भविष्य की चिंताओं पर मंथन करने तथा उसके अनुरूप नीति-नियंताओं से नीतियां बनाने का सबल आग्रह करती है। खासकर लगातार गहरे होते जलवायु संकट के बीच बच्चों की सेहत, शिक्षा और पेयजल जैसे जीवन के जरूरी संसाधनों की सहज उपलब्धता की दृष्टि से। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी शहरों में रह रही होगी। जाहिर है ऐसी स्थिति में पहले से आबादी के बोझ तले दबी नागरिक सेवाएं चरमरा जाएंगी। ऐसे में सत्ताधीशों के लिये जरूरी होगा कि जलवायु परिवर्तन के संकट के बीच बच्चों के अनुरूप शहरी नियोजन को अपनी प्राथमिकता बनाएं। इसमें बच्चों की शिक्षा, उनकी सेहत और कौशल विकास की जरूरतों के अनुरूप शहरी तंत्र को विकसित करें। निश्चित रूप से इसके लिये बड़े निवेश की भी जरूरत होगी। तेजी से डिजिटल होती दुनिया में डिजिटल विभाजन भी एक बड़ी चुनौती होगी। तब तक कृत्रिम मेधा का प्रयोग चरम पर होगा। जाहिर है कृत्रिम मेधा जहां तरक्की का मुख्य साधन होगी, वहीं इसकी विसंगतियों का प्रभाव रोजगार के अवसरों पर भी पड़ेगा। जहां दुनिया के विकसित देशों में अधिकांश आबादी इंटरनेट से जुड़ने के कारण प्रगति की राह में सरपट दौड़ रही है, तो गरीब मुल्कों में यह प्रतिशत विकसित देशों के मुकाबले करीब एक चौथाई ही है। ऐसे में समतामूलक समाज की स्थापना के लिये डिजिटल डिवाइड को खत्म करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके मद्देनजर हमारी कोशिश हो कि आधुनिक प्रौद्योगिकी का स्वरूप समावेशी हो। ताकि आधुनिक तकनीक तक बच्चों की समान व सुरक्षित पहुंच हो सके। निर्विवाद रूप से बच्चे आने वाले कल के लिये देश का भविष्य निर्धारक होते हैं। ऐसे में हर लोक कल्याणकारी सरकार का नैतिक दायित्व है कि अपनी रीतियों-नीतियों में बच्चों के हितों व अधिकारों को प्राथमिकता दे। तभी हम उनके सुखद भविष्य की उम्मीद कर सकते हैं।

# 'संविधान' जिसने देश के प्रत्येक नागरिक को सिर उठाकर जीने की ताकत दी

आज 26 नवंबर को हमारा देश संविधान अंगीकृत होने की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। हम सभी जानते है कि देश का संविधान, 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ जो हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। यह संविधान न केवल देश के प्रशासन और सरकार को दिशा-निर्देश देता है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्रता, समानता, और सम्मान के साथ जीने का अधिकार भी प्रदान करता है। यह दस्तावेज़ हर व्यक्ति को सिर उठाकर जीने की ताकत देता है, चाहे उसकी जाति, धर्म, लिंग, भाषा, या आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। संविधान ने भारतीय समाज में व्याप्त असमानताओं और भेदभाव को समाप्त करने का प्रयास किया है जो इसकी मूल भावना में सन्निहित है। इसकी प्रस्तावना में ही न्याय, स्वतंत्रता, समानता, और बंधुत्व का वादा किया गया है। इन मूल्यों को संविधान ने अपने विभिन्न अनुच्छेदों और धाराओं के माध्यम से लागू किया है।

**मूल अधिकारों का योगदान**

संविधान ने प्रत्येक नागरिक को मूल अधिकार दिए हैं, जो उनकी गरिमा और स्वतंत्रता सुनिश्चित करते हैं। समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18) सभी नागरिकों को कानून की नजर में समान होने की गारंटी देता है। छुआछूत, जातिगत भेदभाव, और असमानता जैसी प्रथाओं को समाप्त करता है। स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22) प्रत्येक व्यक्ति को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, आंदोलन की स्वतंत्रता, और अपने जीवन को अपनी मर्जी से जीने का अधिकार देता है। शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24)नागरिकों को शोषण और जबरन श्रम से बचाता है। संविधानिक उपचार का अधिकार (अनुच्छेद 32)नागरिकों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय में अपील करने की शक्ति देता है।

संविधान ने आरक्षण की व्यवस्था लागू करके अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, और पिछड़े वर्गों को समाज में समान अवसर दिलाने का प्रयास किया। यह कदम इन वर्गों को शिक्षा, रोजगार, और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में हिस्सेदारी देकर समाज में सम्मान के साथ जीने का अवसर प्रदान करता है। इसके अलावा, लोकतांत्रिक प्रणाली ने प्रत्येक वयस्क नागरिक को मतदान का अधिकार देकर उन्हें अपने प्रतिनिधि चुनने और शासन में भागीदारी का अवसर दिया। यह नागरिकों को सत्ता और निर्णय प्रक्रिया में शामिल होने की शक्ति प्रदान करता है। संविधान ने महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। अनुच्छेद 15(3) ने महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष कानून बनाने की अनुमति दी है। इससे महिलाओं को समान अधिकार, शिक्षा, और कार्यस्थल पर सुरक्षा मिली है।

अतएव भारत का संविधान न केवल एक कानूनी दस्तावेज है, बल्कि यह एक ऐसी शक्ति है, जिसने हर भारतीय को स्वतंत्र, आत्मनिर्भर और गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार दिया है। यह हर नागरिक को यह विश्वास दिलाता है कि वह अपने देश में समान रूप से महत्वपूर्ण है। इसने हर भारतीय को सिर उठाकर, आत्मसम्मान के साथ जीने की ताकत दी है, और यही इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

**संविधान निर्माण में उदयपुर का योगदान**

उदयपुर के बलवंत सिंह मेहता, संविधान सभा के सदस्य के तौर पर मूल संविधान पर दस्तखत करने वाले पहले राजस्थानी थे। वे उदयपुर के जाने-माने स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता थे। वे प्रजामंडल के पहले अध्यक्ष भी थे। बलवंत सिंह मेहता ने हिन्दी को राजभाषा बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसी प्रकार प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी उदयपुर के माणिक्य लाल वर्मा का भी संविधान निर्माण में योगदान उल्लेखनीय है।

आलेख : **जयेश पण्डया,**
सहायक सूचना एवं जनसंपर्क
अधिकारी उदयपुर

### अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर व्याख्यान

# महिलाओं के प्रति हिंसा के लिए जिम्मेदार कौन

**बांसवाड़ा (पुकार)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ.सर्वजीत दुबे की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर व्याख्यान हुआ। प्रो. दुबे ने कहा कि 25 नवंबर महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में यूएनओ द्वारा मनाया जाता है।

इस वर्ष 2024 की थीम है हर 11 मिनट में एक महिला की हत्या होती है अतः महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के लिए एकजुट हों। उन्होंने कहा कि सरकारों द्वारा कई प्रकार के कानून बनाकर और कई कार्यक्रम जैसे आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम चला कर महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन जब तक शिक्षा द्वारा समाज को जागरूक नहीं किया जाता और महिलाओं को सशक्त नहीं बनाया जाता तब तक इसमें सफलता मिलनी मुश्किल है। भारतीय संस्कृति में अर्धनारीश्वर का प्रतीक महत्वपूर्ण है।

आज विज्ञान भी इस बात को मानता है कि पुरुष और स्त्री के परस्पर संपर्क और सहयोग के बिना सृष्टि नहीं चल सकती। यह आश्चर्य की बात है कि अपने ही शरीर के आधे हिस्से को साधन बनाया जाए या उसके प्रति हिंसा की जाए। उन्होंने कहा कि मूल दर्शन के गलत हो जाने से आगे बढ़ाया गया हर कदम गलत दिशा में ही जाएगा। पुरुष प्रधान समाज ने नारी को साधन की तरह इस्तेमाल किया। नारी के संपूर्ण योगदान को गौण कर दिया गया। अतः सृष्टि को जन्म देने वाली नारी द्वितीयक दर्जे की हो गई। विचारणीय है कि द्वितीयक दर्जे से प्रथम दर्जे की संतानें कैसे उत्पन्न हो सकती है मूल स्रोत के गड़बड़ा जाने से आगे का सब कुछ गड़बड़ हो जाता है। समाजशास्त्र के सहायक आचार्य डॉ. विजय सिंह ने महिला हिंसा के लिए जिम्मेदार कारणों में पितृ सत्तात्मक सोच और स्त्री अशिक्षा को मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा कि लड़कियां यदि भेदभाव को नहीं समझेगी तो उसका प्रतिरोध कैसे करेगी। शिक्षा के नाम पर सिर्फ डिग्री प्राप्त करने की कोशिश हो रही है। समझ नहीं बढ़ेगी तो हिंसा का उन्मूलन संभव नहीं है।

सरकार की कई योजनाएं चल रही है कई प्रकार के कानून बनाए गए हैं उन सब की जानकारी बालिकाओं के पास होनी चाहिए लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कक्षा और चर्चा दोनों से बचना चाहती है। आभार सहायक आचार्य मनोज कुमार ने माना।

# दुनिया का सबसे विस्तृत लिखित संविधान है भारत का

भारत में प्रतिवर्ष 26 नवंबर का दिन संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है । 26 नवंबर 1949 को देश की संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को अपनाया था इसीलिए इसी दिन की याद में हर साल देश में संविधान दिवस मनाया जाता है। जब हमारा देश आजाद हुआ तब हमारे सामने एक बहुत बड़ी समस्या थी कि इतने बड़े देश ,इतनी ज्यादा सांस्कृतिक विविधताओं और इतने बड़े भूभाग की जरूरत को किस प्रकार से संतुष्ट किया जाए और कोई विवाद भी ना हो। इसके लिए भारतीय संविधान सभा ने कई देश के संविधानों का अध्ययन किया और करीब 60 देशों के संविधानों के अध्ययन के बाद भारत का संविधान तैयार हुआ। भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकर डॉ भीमराव अंबेडकर थे जो संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष भी थे। संविधान को भारतीय समाज के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करने में डॉक्टर बी आर अंबेडकर की सबसे प्रभावी और निर्णायक भूमिका रही थी।इसलिए उन्हें भारतीय संविधान के जनक के रूप में भी जाना जाता है । भारत का संविधान भारत का सर्वोच्च विधान है । यह दुनिया का सबसे विस्तृत लिखित संविधान है जिसमें कठोरता एवं लचीलापन का एक विशेष मिश्रण है । यह भारत को एक संप्रभु ,समाजवादी , धर्मनिरपेक्ष ,लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित करता है । संविधान लोगों को मौलिक अधिकार प्रदान करता है और स्वतंत्र न्यायपालिका को संविधान का उल्लंघन करने वाले कानून या सरकारी कार्यों को अमान्य करने का अधिकार देता है। संविधान ही है जो अलग-अलग धर्म व जातियों की भारत की 140 करोड़ की आबादी को एक देश की तरह जोड़ता है। इसी संविधान के तहत हमारे देश के सभी कानून बनते हैं इसी संविधान के तहत सुप्रीम कोर्ट हाई कोर्ट समिति समेत देश की सभी अदालतीं ,संसद, राज्यों के विधानमंडल ,प्रधानमंत्री ,मुख्यमंत्री समेत सभी काम करते हैं ।यह संविधान ही है जो हमें हमारे मौलिक अधिकार प्रदान करता है ताकि हम सब पूरी स्वतंत्रता वह समानता के साथ अपना जीवन जी सकें ।संविधान दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य संविधान के संस्थापकों के प्रति सम्मान व्यक्त करना और उनके योगदान को याद करना है। साथ ही देश के प्रति अपने कर्तव्य एवं जिम्मेदारियां को निभाकर संविधान निर्माताओं के सपनों के राष्ट्र का निर्माण करने में अपना योगदान देना है।



**- श्रीमती अंजली कविया**
सहायक आचार्य- राजनीति विज्ञान
राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज

# युवक की हत्या के आरोपी जीजा-साला गिरफ्तार

**उदयपुर (पुकार)।** सुखेर थाना पुलिस ने महिला के विवाद के बाद आदिवासी युवक की महिला के पति और भाई द्वारा पीट-पीटकर हत्या करने में भाई व पति को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कई दिनों तक मृतक का शव पड़ा रहा था और बड़ी मशक्कत से मामला निपटा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तेजपाल (40) पुत्र देवजी मीणा निवासी साबला हाल अम्बेरी का गत दिनों पानी भरने के दौरान एक महिला के साथ विवाद हो गया था। इस पर उसी मकान में रहने वाले महिला के पति महेन्द्रसिंह और उसके साले सत्यपाल सिंह ने तेजपाल के साथ लट्ठ से पीटकर गंभीर घायल कर दिया जिसकी मौत हो गई। मामले में बाप पार्टी से आसपुर विधायक उमेश मीणा ने पुलिस पर मारपीट कर मृतक की हत्या का आरोप लगा दिया। आसपुर विधायक ने आरोप लगाया कि घटना के बाद तेजपाल चलकर थाने के अंदर तक गया था और उसके बाद उसकी पुलिस द्वारा की गई मारपीट से मौत हुई थी। मामले में कई दिनों तक शव मोर्चरी में पड़ा रहा और बड़ी मशक्कत से समझाईश कर मामला निपटा और परिजन शव लेकर गए थे। पुलिस ने इस प्रकरण में जांच करते हुए महिला के भाई सत्यपाल सिंह पुत्र अभय सिंह निवासी स्कूल के पास डाकन कोटडा और महिला के पति महेन्द्र सिंह पुत्र सरदार सिंह डुलावत निवासी अम्बेरी सुखेर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# दम्पती के तानों से क्षुब्ध विवाहिता ने विषाक्त सेवन कर आत्महत्या की

**उदयपुर (पुकार)।** दम्पती द्वारा गाली-गलौच व आरोपों से आहत विवाहिता ने विषाक्त सेवन कर आत्महत्या कर ली। मृतका के परिजनों ने दम्पती के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज करवाया है। मीना (30) पत्नी चम्पा सिंह निवासी बड़ली वाली भागल ईसवाल 22 नवम्बर को गांव में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान दम्पती रूप सिंह और विद्या बाई ने उसे रोककर अपशब्द कहे और कई तरह के आरोप लगाए, जिससे आहत होकर विवाहिता ने घर जाकर विषाक्त दवा खा ली। कुछ देर के बाद उसकी तबीयत खराब होने पर इसे परिजन स्थानीय चिकित्सालय लेकर गए, जहां से उदयपुर रैफर कर दिया गया। उदयपुर में इस विवाहिता ने परिजनों को दम्पती द्वारा भला-बुरा कहने से आहत होकर विषाक्त सेवन करना बताया। विवाहिता ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर मृतका के पीहर खमनोर गांव से परिजन भी आ गए और आक्रोश जताया। गोगन्दा थाने के एएसआई गोपाल सिंह ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मृतका का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**उदयपुर (पुकार)।** सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। किशोरजी का खेड़ा मंगलवाड़ निवासी दशरथसिंह (20) पुत्र अमरसिंह हिंता में एक फैक्ट्री में काम करता था। वह हमेशा की तरह 21 नवम्बर को नौकरी के बाद अपने गांव की ओर जा रहा था। इस दौरान बड़गांव और हिंता के बीच पाल माताजी के पास एक वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से एमबी चिकित्सालय में रैफर कर दिया।

सूचना पर भीण्डर थाने के एएसआई प्रेमशंकर ने मामला दर्ज कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# सर्राफा व्यवसायी के घर से जेवरात व नकदी चोरी

**उदयपुर (पुकार)।** अंबामाता थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर एक सर्राफा व्यवसायी के घर से करीब सवा दस लाख रुपए के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। पवन पुत्र नारायणलाल सोनी निवासी हरिहर नगर हर्षनगर अम्बामाता ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी सर्राफा की दुकान है। इस दुकान से वह शनिवार को जेवरात लेकर आया था और घर में रखे थे। रात में चोर उसकी दुकान व घर से 9 लाख रुपए के जेवरात और घर में रखी करीब सवा लाख रूपए नकद चोरी कर ले गए। सुबह परिजनों ने देखा तो इसका पता चला।

### लालीवाव मठ में विराट धार्मिक महोत्सव जारी, देश के प्रसिद्ध संत-महात्माओं ने लिया हिस्सा

# समस्त दुःखों से निवृत्ति का मूलाधार है भगवत शरणागति - स्वामी राजेन्द्रदास

**बाँसवाड़ा (पुकार)।** विश्वविख्यात संत श्रीमद् जगद्गुरु द्वाराचार्य अग्रमलूकपीठाधीश्वर स्वामी राजेन्द्रदास देवाचार्य महाराज ने भगवत शरणागति को समस्त दुःखों से निवृत्ति का मूलाधार बताते हुए भक्तों का आह्वान किया कि वे शुचिता के साथ साधु-संतों और वैदिक मार्ग का आश्रय लेते हुए साधन-भजन में रमें और अपने आपको भगवान की शरण में समर्पित कर दें।

अग्रमलूकपीठाधीश्वर संत स्वामी देवाचार्य महाराज ने बांसवाड़ा के सदियों पुराने सिद्ध तपोधाम लालीवाव मठ में आयोजित आठ दिवसीय विराट धार्मिक महोत्सव के छठे दिन सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा श्रवण कराते हुए यह उपदेश दिया।

हजारों श्रद्धालु नर-नारियों को कथा अमृत रसास्वादन कराते हुए उन्होंने कहा कि भगवत् शरणागति से संचित, क्रियमाण और प्रारब्ध सभी शून्य हो जाते हैं। इसके बाद जीवात्मा सभी प्रकार के अभिशाप, विषाद और अवसाद से मुक्त एवं पवित्र होकर जो कुछ प्राप्त होता है, उसे भगवान की कृपा मानकर स्वीकार करता है।

**परमात्मा से संबंध जोड़ें :** पीठाधीश्वर ने कहा कि भक्ति का अधिकार सभी प्राणियों को है। हम सदैव भगवान के रहे हैं, हैं, और रहने वाले हैं। अनित्य संसार और शरीर की बजाय अपना संबंध नित्य परमात्मा से जोड़ें, इसी से कल्याण हो जाएगा। संतों की संगति और सत्संग भगवान की करुणा से प्राप्त होती है। इनका आश्रय ग्रहण कर जीवन्मुक्ति की ओर कदम बढ़ाएं।



**अव्यावहारिक कर प्रणाली से विषमताएं व्याप्त :** सम सामयिक विषमताओं पर अपने उद्गार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान कर प्रणाली अव्यवहारिक और जटिल है तथा इसी कारण से शरीफ भी कर चोरी में प्रवृत्त होने लगे हैं। प्राचीन कालीन कर प्रणाली को उपयुक्त बताते हुए उन्होंने कहा कि उन दिनों ढेर सारे अलग-अलग कर नहीं होते थे बल्कि वार्षिक आय का छठा अंश राजा को कर के रूप में दिए जाने की परम्परा थी। इससे प्रजा भी संतुष्ट थी और राज्य का विकास भी अच्छी तरह होता था।

स्वागत-सत्कार, अभिनन्दन

आरंभ में लालीवाव पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्रीमहंत हरिओमदास महाराज, संत रघुवीरदास महाराज, महोत्सव संयोजक पं. भुवनमुकुन्द पण्ड्या, पोथी एवं भागवत यजमान तथा सहयोगियों श्रीमती कमला प्रभुलाल, सतीश रमणलाल पंचाल, गोवर्धन कारूलाल, पमा भाई, पं. लक्ष्मीनारायण शुक्ल एवं बालकृष्ण त्रिवेदी 'बालु भाई' (तलवाड़ा), महोत्सव कार्यालय प्रभारी मनोहर एच. जोशी एवं रामशंकर जोशी ने व्यास पीठ का पूजन करते हुए महाराज का स्वागत किया।

भागवतजी के कथा शुभारंभ एवं विराम अवसर पर वैदिक ऋचाओं एवं मंगलाचरण से पूजन एवं आरती विधान देवेश त्रिवेदी एवं श्रीमती डिम्पल त्रिवेदी ने किया। मंच संचालन संत रघुवीरदास महाराज ने किया।

**बांसवाड़ा के लिए सौभाग्य है यह अमृतवर्षाः** इस दौरान् जगन्नाथपुरी मन्दिर(अहमदाबाद) के पीठाधीश्वर श्रीमहंत दिलीपदास महाराज, हरि मन्दिर पाटोदी के आचार्य धर्मदेव महाराज, एवं जगन्नापुरी मन्दिर के मैनेजिंग ट्रस्टी महेन्द्रभाई झा ने अपने उदबोधन में देवाचार्य महाराज के श्रीमुख से कथा श्रवण को बांसवाड़ावासियों के लिए सौभाग्य बताया और कहा कि इसका पूरा-पूरा लाभ लेते हुए जीवन को सुधारें और भगवत्प्राप्ति का मार्ग अपनाएं।

सोमवार को हुई कथा का श्रवण करने देश के प्रसिद्ध संतों एवं महामण्डलेश्वरों ने भी हिस्सा लिया और व्यास पीठ एवं अग्रमलूकपीठाधीश्वर को पुष्पहार पहनाकर अभिन्दन किया।

इनमें परमहंस अखाड़ा इन्दौर खालसा के श्रीमहंत एवं हंसदास मठ के हंसपीठाधीश्वर श्रीमहंत रामचरणदास महाराज, महंत पवनदास महाराज, निर्मोही अखाड़ा के श्रीमहंत एवं अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत राजेन्द्रदास महाराज, श्रीमहंत रघुवीरदास महाराज 'योगीराज', श्रीमहंत मनमोहनदास महाराज 'राधे-राधे बाबा', संत मावजी महाराज की परम्परा के महंत बेणेश्वर पीठाधीश्वर अच्युतानन्द महाराज, गुरु आश्रम छींछ के महंत घनश्यामदास महाराज, भारतमाता मन्दिर के महंत रामस्वरूप महाराज सहित काफी संख्या में संत-महंतों, पीठाधीश्वरों, महामण्डलेश्वरों एवं साधु-संतों ने व्यास पीठ का पूजन किया और महाराज का पुष्पहारों तथा शॉल से अभिनन्दन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### चित्तौड़गढ़ और जयपुर में हुआ चित्तौड़गढ़ साहित्य उत्सव- 2025 के पोस्टर का विमोचन



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** राजस्थान साहित्यिक आंदोलन की श्रृंखला में यूथ मूवमेंट राजस्थान के द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले 'चित्तौड़गढ़ साहित्य उत्सव - 2025' के पोस्टर का विमोचन सोमवार को चित्तौड़गढ और जयपुर में हुआ। 'चित्तौड़गढ़ साहित्य उत्सव - 2025' की मुख्य समन्वयक शांति सक्सेना ने बताया कि राजस्थान साहित्यिक आंदोलन के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार अनिल सक्सेना के संयोजन में यूथ मूवमेंट के द्वारा 16 जनवरी से 18 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय स्तर पर 'चित्तौड़गढ़ साहित्य उत्सव' का आयोजन होगा। इस आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस प्रक्रिया में सोमवार को चित्तौड़गढ़ में सांसद सी.पी.जोशी ने साहित्य उत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर 'चित्तौड़गढ़ साहित्य उत्सव' के संयोजक और सूत्रधार अनिल सक्सेना मौजूद रहे। इसी प्रकार सोमवार को ही जयपुर में सहकारिता मंत्री गौतम दक ने अपने आवास पर 'चित्तौड़गढ़ साहित्य उत्सव - 2025' के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर यूथ मूवमेंट राजस्थान के संस्थापक अध्यक्ष शाश्वत सक्सेना मौजूद रहे। मुख्य समन्वयक शांति सक्सेना ने बताया कि साहित्य उत्सव में विभिन्न लेखकों की पुस्तक परिचर्चाएं, हिंदी, अंग्रेजी, राजस्थानी उर्दू, पत्रकारिता और इतिहास विषय पर विभिन्न सत्र, सिनेमा, ओटीटी व समाज पर परिसंवाद, नाटक मंचन, भवाई नृत्य, कठपुतली शो और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। इसके साथ ही तीन दिवसीय पुस्तक मेला भी लगाया जाएगा।

### सार्वजनिक सम्पति पर पोस्टर चिपकाकर स्वरूप को खराब करने का मामला दर्ज

**उदयपुर (पुकार)।** धानमंडी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपने व्यापार के प्रचार-प्रसार के लिए सार्वजनिक सम्पति पर पोस्टर चिपकाकर स्वरूप को खराब करने का मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया गया कि किसी अज्ञात ने थाना क्षेत्र के पुरानी धानमंडी स्थित सार्वजनिक सम्पति पर अपने व्यवसाय के प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर चिपका दिए जिससे सार्वजनिक सम्पति का स्वरूप खराब हुआ है। पुलिस ने संपति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करवाया है। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है।

### सोनिया ने कुश्ती में जीता गोल्ड मेडल

**उदयपुर (पुकार)।** उस्ताद लक्ष्मण सिंह अर्जुन उस्ताद व्यायाम शाला की राष्ट्रीय पहलवान सोनिया ओड ने भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता में में स्वर्ण पदक जीता। अखाड़े के संचालक डॉ. हरीश राजोरा ने बताया कि सोनिया बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी।

### निजीकरण के विरोध में कार्य बहिष्कार

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान विद्युत् संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले विद्युकर्मियों ने सोमवार को कार्य बहिष्कार कर निजीकरण का विरोध जताया। इसके साथ ही विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिला महामंत्री कपूर चंद ने बताया कि इससे पूर्व विद्युत कार्मिकों ने रैली निकाली तथा मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बिजली निगमों में निजीकरण का विरोध जताते हुए व सी पी एफ कटौती बन्द करने, जी पी एफ कटौती शुरू करने, जी पी एफ खाता आवंटित करने की मांग की।

### रावलिया खुर्द में परशुराम मंदिर का भूमि पूजन

**उदयपुर (पुकार)।** गोगुंदा के रावलिया खुर्द गांव में सोमवार को भगवान परशुराम मंदिर का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर गोगुंदा विधायक प्रताप लाल भील, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, विप्र सेना प्रदेशाध्यक्ष दिनेश शर्मा, फतह लाल पालीवाल, नारायण नागदा, समाजसेवी बाबूलाल, निरंजन श्रीमाली और समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। विधायक और जिला प्रमुख ने अपने कोटे से 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। विप्र समाज की ओर से भूखंड के चारो तरफ बाउंड्री वॉल और एक हॉल का निर्माण शुरू कर दिया गया है।

## बी प्लस

### लोरेंजो सर्चेज फॉर द मीनिंग ऑफ लाइफ ने साहित्य के लिए 7वां जेसीबी पुरस्कार जीता



**उदयपुर (पुकार)।** स्पीकिंग टाइगर बुक्स द्वारा प्रकाशित उपमन्यु चटर्जी द्वारा लिखित लोरेंजो सर्चेस फॉर द मीनिंग ऑफ लाइफ को साहित्य के लिए 2024 जेसीबी पुरस्कार के विजेता के रूप में घोषित कर 25 लाख रुपये के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह कार्यक्रम जेसीबी इंडिया मुख्यालय, बल्लभगढ़ में आयोजित किया गया था। प्रतिष्ठित ट्रॉफी, जो दिल्ली के कलाकार जोड़ी, ठुकराल और टैगरा द्वारा बनाई गई एक मूर्ति है, जिसका शीर्षक 'मिरर मेल्टिंग' है, उपमन्यु चटर्जी को प्रदान की गई। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जेसीबी के चेयरमैन लॉर्ड बैमफोर्ड की ओर से जेसीबी इंडिया के सीईओ और एमडी दीपक शेट्टी द्वारा प्रदान किया गया।


### सप्लाई चेन के मोनेटाइजेशनके ईकार्ट के प्रयासों ने पिछले 3 वर्षों में 8 गुना विकास दर्ज किया

**उदयपुर (पुकार)।** भारत की अग्रणी 4पीएल कंपनियों में शुमार ईकार्ट अपनी उन्नत टेक्नोलॉजी व परिचालन उत्कृष्टता के साथ लॉजिस्टिक्स सेक्टर में लगातार बदलाव ला रही है। ईकार्ट ने परिचालन को विस्तार दिया है और सप्लाई चेन को मोनेटाइज करने के इसके प्रयासों ने पिछले तीन वर्षों में 8 गुना विकास दर्ज किया है। ब्रांड्स और रिटेलर्स अपनी सप्लाई चेन संबंधी जरूरतों के लिए ईकार्ट की लॉजिस्टिक्स क्षमताओं का प्रयोग करते हुए उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने में सक्षम हुए हैं। प्रतिदिन 60 लाख से अधिक शिपमेंट की क्षमता के साथ ईकार्ट का लास्ट-माइल नेटवर्क 98 प्रतिशत भारतीय पोस्टल कोड तक फैला हुआ है, जिसे 5 करोड़ क्यूबिक फीट से अधिक की वेयरहाउसिंग और 7, 000 ट्रकों के बेड़े से ताकत मिलती है। इन क्षमताओं से भारत में ईकॉमर्स ब्रांडों के लिए ऑर्डर के अगले दिन डिलीवरी में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और क्षेत्रीय कवरेज में 40 प्रतिशत का विस्तार हुआ है।

### कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड

**उदयपुर (पुकार)।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (केएमएएमसी /कोटक म्यूचुअल फंड) ने अपना न्यू फंड ऑफर कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड (कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड) लॉन्च किया है। यह ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन) और लॉजिस्टिक्स थीम पर आधारित एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। यह स्कीम पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए 25 नवंबर को खुल कर 09 दिसंबर को बंद होगी। कोटक ट्रांसपोर्टेशन एंड लॉजिस्टिक्स फंड का उद्देश्य ट्रांसपोर्टेशन (परिवहन), लॉजिस्टिक्स और संबंधित गतिविधियों में लगी कंपनियों की इक्विटी और इक्विटी से संबंधित सिक्योरिटीज में मुख्य रूप से निवेश करके लॉन्ग टर्म में हाई रिटर्न हासिल करना है।

### मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने लंग्स कैंसर जागरूकता फैलाने शुरू की मुहिम



**उदयपुर (पुकार)।** नवंबर का महीना फेफड़े के कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाने को समर्पित है और मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने फेफड़ों के कैंसर के खिलाफ जारी संघर्ष में बचाव से लेकर उपचार तक के सफ़र की गहराई से पड़ताल की है, ताकि दुनिया भर में कैंसर के सबसे सामान्य और जानलेवा रूप को उजागर किया जा सके। दुनिया भर में कैंसर की वजह से होने वाली मौतों में फेफड़े का कैंसर सबसे प्रमुख कारण है, जिसे देखते हुए मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल इस जानलेवा बीमारी की शुरुआत में पहचान करने, इसकी रोकथाम करने और इसके इलाज में हुई प्रगति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के संकल्प पर कायम है। डॉ. सरव शाह, थोरैसिक ऑन्को सर्जन, डॉ. भावेश पारेख, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, और डॉ. देवांग भावसार, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट सहित विशेषज्ञों की एक टीम साथ मिलकर एमडीटी की बैठकों में इलाज के लिए प्रोटोकॉल तैयार करती है। इस मौके पर डॉ. सरव शाह, थोरैसिक ऑन्को सर्जन, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने कहा - फेफड़ों के कैंसर में शुरुआत में ही इसकी पहचान करना बहुत ज़रूरी है। डायग्नोस्टिक इमेजिंग और बेहद कम चीर-फाड़ वाली प्रक्रियाओं में काफी प्रगति हुई है, जिसकी वजह से मरीजों को बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। इस बार लंग्स कैंसर जागरूकता माह के दौरान, हम सभी से यही गुजारिश करते हैं कि वे इस खतरे को समझें और समय-समय पर चिकित्सा जाँच करवाएँ।

# माधव नागदा की कहानियों में ग्रामीण जन जीवन के विश्वसनीय चित्र : प्रो मलय पानेरी

**राजसमन्द (पुकार)।** राजस्थान साहित्यकार परिषदए कांकरोली के तत्वावधान में वरिष्ठ कहानीकार माधव नागदा के कहानी संग्रह अंजलि भर उजास के लोकार्पण समारोह का रविवार को आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि प्रख्यात आलोचक एवं अध्यक्ष हिंदी विभाग, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के प्रोफेसर डॉ मलय पानेरी, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समालोचक डॉ कुन्दन माली और सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के उप निदेशक गौरीकान्त शर्मा थे। मुख्य वक्ता डॉ नरेन्द्र निर्मल थे। जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं सम्बोधन के संपादक कमर मेवाड़ी ने की। समारोह का शुभारंभ माँ वीणावादिनी की छवि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों का शॉल व उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ मलय पानेरी ने कहा कि माधव नागदा की कहानियों में ग्रामीण जीवन के विश्वसनीय चित्र मिलते हैं। उन्होने कहा कि नागदा की कहानियां सामाजिक कुरीतियों, घरेलू हिंसा एवं अशिक्षा के दंश से जूझती स्त्री के संघर्ष को आंचलिक बोली-बानी तथा मुहावरेदार भाषा में सशक्त ढंग से अभिव्यक्त करती हैं। इस दौरान नारायणसिंह राव, अखिल नागदा, हरिनारायण डाबी, जगदीश स्वर्णकार, गौरव पालीवाल, विजय शर्मा, डॉ धर्मनारायण नागदा, डॉ नारायणलाल जोशी, साबिर शुक्रिया, डॉ मदन जाट, वीणा वैष्णव, दुर्गा शर्मा, शांता नागदा, पुष्पेंद्र कमल, इंद्रजीतसिंह, मुकेश कुमावत, मुकेश सोहन, परितोष, गोविंद सनाढ्य, विशाखा, धर्मेंद्र बंधु, लक्ष्मणसिंह, डॉ तेजराम कुमावत सहित साहित्यप्रेमी मौजूद थे। धन्यवाद परिषद के उपाध्यक्ष राधेश्याम सरावगी ने ज्ञापित किया। संचालन परिषद के सचिव किशन कबीरा ने किया।






ग्रामीण आंचलिकता की मीठी सुगंध समाहित है नागदा की कहानियों में

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ नरेन्द्र निर्मल ने कहा कि माधव नागदा ने ग्रामीण परिवेश को बहुत सूक्ष्मता से अनुभूत किया है और ग्रामीणों की जीवटता को नजदीक से देखा है, जिससे उनकी कहानियों को पढ़ते समय पाठक को ग्रामीण आंचलिकता की मीठी सुगंध का एहसास होता है। परिषद के अध्यक्ष प्रसिद्ध गीतकार त्रिलोकी मोहन पुरोहित ने नागदा की विभिन्न कहानियों का विश्लेषण करते हुए इनकी भाषाई विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नागदा की कहानियों में पाठक के चरित्र में बदलाव लाने की विलक्षण क्षमता है, जो ग्रामीण परिवेश में जीवनयापन के दैनिक संघर्ष से लोगों को विमुख नहीं अपितु उनके समक्ष खड़ा रहकर उनसे लड़ने की प्रेरणा देती है। परिषद के सरंक्षक मधुसूदन पंड्या ने कहा कि नागदा की ये कहानियां पुरानी ग्रामीण व्यवस्थाओं की याद दिलाते हुए ग्रामीण परिवेश में लोगों के आपसी प्रेम, पर्यावरण संरक्षण और कृषि पर आधारित जीवनयापन शैली को रोचक भाषा-शिल्प के रूप में समाज के समक्ष प्रस्तुत करती हैं। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समालोचक डॉ कुन्दन माली ने कहा कि एक कथाकार का जमीन से जुड़ा होना अत्यावश्यक होता है। माधव नागदा ने बहुत ही नजदीक से ग्रामीण परिवेश को देखा-परखा है, इसी से इनकी कहानियों में एक जीवंतता है। उप निदेशक गौरीकान्त शर्मा ने भी माधव नागदा की कहानियों में उपस्थित ग्राम्य चेतना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में साहित्यकार प्रमोद सनाढ्य द्वारा माधव नागदा के सम्मान में रचित दोहों का गायन किया तथा शेख अब्दुल हमीद ने गज़ल बढ़ गई दिल की बैचेनियां रात भर सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान साहित्यकार अफजल खां पठान तथा चतुर कोठारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और नगेन्द्र मेहता ने सारगर्भित पत्र वाचन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एमडी के सीआरपीएफ जवान की मौत

**राजसमन्द (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती एमडी गांव के सीआरपीएफ जवान खुमान गायरी (38) पुत्र मालुराम गायरी की मौत की सूचना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर छा गई। जानकारी के अनुसार खुमान गायरी सीआरपीएफ नीमच छावनी में कार्यरत रहते हुए काफी लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे। सोमवार को जवान की मौत की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर छा गई। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक दीप्ति माहेश्वरी, आरआई पंकज पालीवाल, सरपंच मांगीलाल सालवी, मांगीलाल शांतिलाल सहित गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने सीआरपीएफ जवान को श्रद्धांजलि देकर शोक व्यक्त किया। नीमच छावनी के सभी जवानों की मौजूदगी में राजकीय सम्मान के साथ एमडी स्थित श्मशान घाट पर सोमवार दोपहर बाद जवान का दाह संस्कार किया गया।


मृतक जवान खुमान गायरी

### न्यायाधीश ने किया उप कारागृह का निरीक्षण

**राजसमन्द(पुकार)।** जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार जिला प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष अग्रवाल ने उप कारागृह भीम का निरीक्षण कर कारागृह की भोजन, सफाई, आवास, सुरक्षा इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अग्रवाल ने बताया कि निरीक्षण के समय कारागृह में कुल 17 बंदी निरुद्ध मिले। कारागृह में ऐसा कोई भी बंदी निरूद्ध नहीं हो, जिसकी पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं हो इसके लिए नवीन प्रवेशित बंदियो से संवाद किया गया। सभी बंदियों ने अपने प्रकरण में अधिवक्ता नियुक्त होना बताया तथा कारागृह में कोई भी बंदी 18 साल से कम उम्र का निरूद्ध नहीं मिला। बंदियों ने भोजन के प्रति संतोष व्यक्त किया। सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। बंदियों को यूटीआरसी कैम्पेन में अनुशंसा, पैन इंडिया द रिस्टोरिंग यूथ, लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, निःशुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम सहित अन्य विधिक प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई।



### तेजाजी महाराज के खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

**राजसमन्द(पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती नान्दोली गांव में तीन दिवसीय तेजाजी महाराज के खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आरएनजी ग्रुप के देवराज पूर्बिया ने बताया कि चारण माताजी के मंदिर पर श्री शिव सवारियां कीर्तन मंडल की ओर से पहले दिन के खेल में मुख्य किरदार में सोहन पूर्बिया और हरीश पूर्बिया ने गजानंद जी संवरे का किरदार निभाया। इसके बाद तेजाजी का किरदार कैलाश पूर्बिया और साथीडा का किरदार रघुनंदन पूर्बिया ने निभाया। महिलाओं की भूमिका में दुर्गेश, पप्पुलाल, योगेश पूर्बिया, देश बंधु, किशन सुथार, सिद्धार्थ पूर्बिया, पवन, नवीन व बजरंग आदि ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान नवयुवक मंडल के मांगीलाल सुथार, रतन पूर्बिया, केलाश पूर्बिया, रामचंद पूर्बिया, रमेश पूर्बिया, रतन जाट, घनश्याम पूर्बिया, सत्यनारायण, देवेंद्र पूर्बिया सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



### ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव 2024 के रजिस्ट्रेशन शुरू

**राजसमन्द(पुकार)।** विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार की थीम पर आगामी 5 दिसंबर को होने जा रहे युवा महोत्सव के रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के कलाकार अपना रजिस्ट्रेशन युवा बोर्ड की वेबसाइट पर करवा सकते हैं। इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 50 हजार रुपए की इनामी राशि दी जाएगी। इस बार प्रतियोगिताओं में विज्ञान एवं डिजिटल मेला, समूह नृत्य, लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, एकल समूह नृत्य, कविता पाठ, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण, हस्त कला, वस्त्र कला, कृषि उत्पादकता, लुप्त कला यथा फड, रावण हत्था, रम्मत, अलगोजा, मांडणा, लांघामांगणिहार, कठपुतली, खड़ताल, मोरचंग, भपंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिनके लिए रजिस्ट्रेशन लिंक द्वारा किया जा सकता है। पुरस्कारों एवं प्रतियोगिता के विस्तृत दिशा निर्देश के लिए युवा बोर्ड की वेबसाइट को विजिट करें।

### राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित

**राजसमन्द (पुकार)।** राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा शाखा राजसमंद की बैठक सोमवार को रामेश्वर महादेव राजनगर में आयोजित हुई। जिसमें सम्मानित सदस्यों ने चोखला अध्यक्ष प्रहलाद जोशी का मनोनयन कर आगामी 3 माह के अंदर चोखला अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी का चुनाव कराने का जिम्मा सौंपा। इस दौरान सीपी व्यास, सुखलाल पंचोली, समाज अध्यक्ष सुरेशचंद्र जोशी, प्रहलाद तिवारी, शांतिलाल तिवारी, कैलाश तिवारी, कैलाश शर्मा, कैलाश जोशी, रतनलाल शर्मा, राजकुमार जोशी, पंकज जोशी, दुर्गा शंकर शर्मा, नारायण शर्मा, जटाशंकर शर्मा, लालूराम शर्मा, दिनेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

### संविधान के महत्व पर प्रकाश डालने को जिला कांग्रेस कमेटी की विचार गोष्ठी आज

**राजसमन्द (पुकार)।** राजसमंद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़ की अध्यक्षता में मंगलवार सुबह 10:30 बजे सघन क्षेत्र विकास समिति पर भारत संविधान सभा द्वारा हमारे संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान के महत्व पर प्रकाश डालकर विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी।

### जिलास्तरीय हैंडबॉल ट्रायल आज से

**राजसमन्द (पुकार)।** जिला हैंडबॉल संघ राजसमंद के तत्वावधान में मंगलवार और बुधवार को आमेट के तुलसी अमृत विद्यापीठ खेल मैदान में जिला स्तरीय हैंडबॉल ट्रायल आयोजित होगी। हैंडबॉल संघ के जिला सचिव हरिओम सिंह चुंडावत ने बताया कि पुरुष एवं महिला वर्ग की इस जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयन किया जाएगा। जिला सचिव चुंडावत ने बताया कि राज्य स्तरीय जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग 29 दिसम्बर से चितौड़गढ़ में आयोजित होगी। सीनियर बालिका वर्ग 6 दिसम्बर से श्रीगंगानगर एवं पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता 14 दिसम्बर से बांरा में आयोजित होगी।

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं स्वस्थ राजनीति हमारे विकास स्तंभ

**राजसमन्द (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित गांधी सेवा सदन के स्थापना दिवस पर आयोजित बालोत्सव का द्वितीय दिवस बाल संसद, विज्ञान परिषद और विज्ञान-कला प्रदर्शनी के नाम रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी सेवा सदन के संस्थापक स्वतंत्रता सेनानी देवेन्द्र कुमार कर्णावट की प्रतिमा पर अतिथियों ने पुष्प अर्पण के साथ, बाल नृत्यांगनाओं द्वारा प्रस्तुत माँ शारदा की वंदना से किया। संस्था उपाध्यक्ष गणपत धर्मावत ने विज्ञान एवं कला के महत्व को उकेरते हुए कहा कि प्रदर्शनियों से बच्चों की कल्पना शक्ति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सीखने की क्षमताओं का विकास होता है। इस प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने 50 से अधिक जीवंत मॉडल 200 से अधिक चार्ट्स द्वारा अपनी वैज्ञानिक जिज्ञासाओं व समझ को उजागर किया। विज्ञान और प्रोद्यौगिकी की प्रदर्शनी में स्वास्थ्य, कचरा प्रबंधन, परिवहन, राकेट, उपग्रह, जल और आपदा प्रबंधन कृषि एवं संचार के विषय पर आधारित अनेकानेक मॉडल तथा मानव श्वसन तंत्र, मानव पाचन तंत्र, मानव-उत्सर्जन तंत्र, मानव हृदय, रक्त परिसंचरण, मांसपेशियों का कार्य विधि, बीज का अंकुरण, सौर ऊर्जा, मानव मस्तिष्क संरचना, तितली का जीवन चक्र, पृथ्वी-परत, जल चक्र, बेक्टीरियाँ का वर्गीकरण नाइट्रोजन चक्र आदि विषयों पर कलात्मक चार्ट प्रदर्शनी लगाई। तीन से बारह कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने अद्भुत कल्पनाएँ कर भावी जीवन का संकेत दिया। बाल मन की खूबसूरत कल्पनाओं और अन्तर्निहित क्षमताओं की साकार परिकल्पना कला प्रदर्शनी के रुप में दिखाई दी। जहाँ आर्ट एण्ड क्राफ्ट सामग्री, मिट्टी की मूर्तियां, वॉल हैगिंग के उपकरण, रंगोली, पेटिंग, थालपोष, झूले, बंधनवार, कठपुतली, नारियल का घर, बल्ब का झूमर, क्राफ्ट फ्लावर, पेन स्टेण्ड, लटकन जैसे 300 से अधिक साज-सज्जा उपकरणों ने सबका मन मोह लिया। बाल संसद ने भारतीय संसद की साकार प्रस्तुति देते हुए बाल सांसदों ने संसद की गरिमा, कार्यप्रणाली को चर्चा तथा तर्क-वितर्क शैली में प्रस्तुत कर ऑनलाइन शिक्षा परम्परागत शिक्षा का विकल्प, बेरोजगारी, नशा, कोचिंग संस्थानों का बाजारीकरण जैसे सार्वजनिक हित के मुद्दों पर सार्थक बहस करते हुए बाल पीढ़ी की समस्याओं को प्रस्तुत किया। बाल सांसदों ने राजनीति के स्वस्थ स्वरुप पर चर्चा करते हुए कहा कि पदासीन लोगों में भ्रष्टाचार की आदत पड़ गई है। इस आदत पर रोक लगाए सरकार और भ्रष्टाचारियों को दंड मिले। स्वस्थ राजनीति से ही स्वस्थ प्रशासन और सही विकास होगा। शिक्षाविद चतुर कोठारी ने विज्ञान-कला प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कहा कि बाल कलाएँ बच्चों के बचपन को संरक्षण देती है। डॉ महेन्द्र बाल मनोविज्ञानी है जो नित नये प्रयोग करते हैं। अतिथि विशेष अजय चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी देवेन्द्र काका जिले में बाल केन्द्रित शिक्षा के भीष्म पितामह थे।



# सीबीईओ दाधीच ने मोही विद्यालय का किया निरीक्षण

**राजसमन्द (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे में संचालित पीएमश्री नंदलाल जोशी राउमावि में जिला मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरोत्तम दाधीच ने विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान दाधिच ने विद्यालय में संचालित होने वाली शैक्षिक गतिविधियों एवं छात्राओं द्वारा आत्मरक्षा अभ्यास का अवलोकन किया और छात्राओं को अपने दैनिक जीवन में असामाजिक तत्वों से सजग एवं सचेत रहने की सलाह दी। साथ ही पीएमश्री योजना के अतंर्गत लगे सोलर सिस्टम का विधिवत शुभारंभ किया। विद्यालय में हो रहे शैक्षिक एवं भौतिक विकास को देखकर अभीभूत हुए एवं विद्यार्थियों को उद्बोधन देते हुए बताया कि ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े बच्चें भी आगे जाकर उच्च पदों पर आसीन होते हैं अतः आप भी दैनिक जीवन का अधिक से अधिक समय अपनी पढ़ाई को दे। जिससे आगे भविष्य में अच्छा व्यवसाय, अच्छी नौकरी प्राप्त कर सको। इस दौरान प्रधानाचार्य उमेश कुमार शर्मा ने विद्यालय की समस्त जानकारी प्रदान की।



# अणुव्रत असाम्प्रदायिक आन्दोलन, अणुव्रत एक त्याग और संयम का आन्दोलन है : साध्वी मंजू यशा

**राजसमन्द (पुकार)।** अणुव्रत समिति राजसमन्द की संगोष्ठी श्रीराम नगर में साध्वी मंजुयषा ठाणा-4 के सानिध्य में सम्पन्न हुई। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष अचल धर्मावत ने बताया कि संगोष्ठी की अध्यक्षता युवा गौरव विकास परिषद् के सदस्य प्रदमचन्द्र पटावरी ने की। मुख्य अतिथि अणुविभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ विमल कावडिया एवं गणेश कच्छारा, विशेष अतिथि मुख्य बोधि स्थल के अध्यक्ष हर्षलाल नवलखा थे। कार्यक्रम में समाजसेवी राजकुमार दक ने अपने अनुभव सुनाये एवं मोबाईलजी एक नशा है पर प्रकाश डाला। मूलचन्द भालावत, डॉ विमल कावडिया ने अपने विचार प्रकट करते हुए जिले में अणुविभा के कार्यो की विवेचना की। ज्योत्सना पोखरना ने पर्यावरण पर सुन्दर गीत प्रस्तुत किया। अणुव्रत सेवी मदन धोका ने कार्यकर्ताओं की मनोभावना प्रस्तुत की। उपाध्यक्ष ख्यालीलाल मेहता ने श्रीराम नगर में सभी का स्वागत किया। पदम चन्द्र पटावरी ने गुरुदेव तुलसी पर अपनी बात कही और कहा कि गुरुदेव तुलसी कार्यकर्ता निर्माण की फैक्ट्री थे। वे कार्यकर्ता का सम्मान करना जानते थे और कार्यकर्ता निर्माण में पारंगत थे। साध्वी मंजू यशा ने अणुव्रत को असाम्प्रदायिक आन्दोलन बताया, अणुव्रत एक त्याग और संयम का आन्दोलन है। यदि आदमी की जीवनशैली संयम प्रधान हो जाए तो उसका जीवन अनेक समस्याओं से मुक्त हो सकता है। आदमी अच्छा बन जाए तो समाज, राष्ट्र, विश्व भी अच्छा बन सकता है। संयोजन मंत्री रमेश माण्डोत ने किया। इस दौरान लता मादरेचा, नवरत्न लीगा, सीमा कावडिया, अशोक डुंगरवाल, अतुल दक, विनय कोठारी, प्रवीण झिलीवाल आदि उपस्थित थे। यह जानकारी अणुव्रत समिति अध्यक्ष अचल धर्मावत ने दी।



● केलवा से तलाई रोड का मामला

# वाहनों से उड़ती धूल से परेशान ग्रामीणों ने सड़क पर टायर जलाकर किया प्रदर्शन

● 1 घंटे तक जाम से सड़क के दोनों ओर लगी वाहनों की कतारें

**राजसमन्द (पुकार)।** जिले में केलवा क्षेत्र के माईनिंग रोड केलवा चौपाटी से शार्दुल तक रोड पर बिछी मिट्टी नहीं हटाने को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को सड़क पर ही टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने राम लखन कांटा एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए बताया कि कई बार विभाग के अधिकारियों को धूल मिट्टी उड़ने की परेशानियों से अवगत करवाया परंतु विभाग के अधिकारी हर समय आनाकानी कर आजकल-आजकल करने का जवाब दे रहे हैं। धूल मिट्टी उड़ने की वजह से कई वाहन चालको का बैलेंस बिगड़कर दुर्घटनाओं के शिकार हो चुके हैं। रोड पर हवा और वाहनों के पहियों से मिट्टी उड़कर दुकानों में जम रही है। साथ ही ग्रामीण दमा तथा कई श्वास रोगों के शिकार हो रहे हैं। मार्बल व्यवसायी एवं दुकानदारों में लोकेश लोहार, करनसिंह बल्ला, शायरबाई, राधाबाई, मोहनीबाई, उर्मिलादेवी, शांताबाई, शंभूसिंह, अर्जुनसिंह, श्यामसिंह, प्रेमसिंह, जोधसिंह, मनीष पालीवाल, किशनलाल, जमना लोहार ने बताया कि राम लखन कांटे की वजह से दिन भर सड़क पर धूल मिट्टी छाई रहती है। रात्रि में इतना घना अंधकार रहता है कि दुर्घटना होना आम बात हो गई है। कई बार प्रशासन को शिकायत करने के बाद भी हमारी सुनवाई नहीं हो रही है जिसकी वजह से हमने सड़क पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया है।



# महिला सशक्तिकरण की ओर कदम : उमरवास में हिंसा के खिलाफ जागरूकता अभियान

**राजसमन्द (पुकार)।** जन विकास संस्थान की ओर से जिले में पिछले 20 वर्षों से तथा वर्तमान में राजस्थान के 21 जिलों में महिला व बाल अधिकारों के लिए विभिन्न परियोजनाओं व कार्यक्रमों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। सोमवार को जिले के कुम्भलगढ़ ब्लॉक के उमरवास गांव में दलित महिलाओं के खिलाफ बढ़ती यौनिक हिंसा एवं सभी प्रकार के अन्याय और अत्याचार को रोकने पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य विषय महिलाओं व किशोरियों के साथ होने वाली हिंसा के विरुद्ध जागरूकता लाना था। अतिथियों का संस्थान पदाधिकारियों, महिला मंच तथा नारी अदालत के सदस्यों ने उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया तथा परियोजना क्षेत्र से आयी किशोरीयों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संस्थान निदेशिका शकुन्तला पामेचा ने जन विकास संस्थान व महिला मंच का परिचय देते हुए अभी तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि चारभुजा पुलिस थाने से एएसआई भंवरसिंह ने हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा व न्याय दिलाने के लिए पुलिस विभाग की भूमिका पर जानकारी प्रदान करते हुए कहा की पुलिस विभाग आमजन की सहायता के लिए हर समय मुस्तैदी से तैयार है। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता सुशिल पाराशर ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक बाल विवाह को रोकने के लिए अधिकारी नियुक्त किए हुए है, जिनके द्वारा बाल विवाह की रोकथाम की जाती है और यदि घर वाले चुपके से शादी करवा देते है तो हम बाल विवाह को शून्य करवा सकते है। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता शुक्ला बैरवा ने हिंसा से पीड़ित महिलाओं के कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि पंसस देविका वैष्णव ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमे महिलाओं व किशोरियों ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि उमरवास वीडीओ दिनेश गुर्जर ने महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।



# कन्या महाविद्यालय की बालिका खो खो टीम आज रवाना होगी उदयपुर



**राजसमन्द (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती भावा पंचायत के डूमखेड़ा चौराया स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय की बालिका खो-खो टीम मंगलवार को उदयपुर रवाना होगी। प्राचार्य डॉ कुलदीप सिंह गहलोत ने बताया कि टीम प्रभारी सुनीता गोदारा के नेतृत्व में महिला खो- खो टीम मंगलवार को उदयपुर के लिए रवाना होगी। ये बालिका खिलाड़ी 27 नवंबर तक मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय बालिका खो-खो प्रतियोगिता में उदयपुर के लॉ कॉलेज में होने वाली प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस दौरान डॉ मुकेश कुमार मेनारिया, खो-खो प्रशिक्षक बाबूलाल कीर, चैनराम जोशी मौजूद थे।

# महाराणा प्रताप साहित्यिक सप्ताह की प्रतियोगिताओं में बच्चों का झलक रहा उत्साह

**राजसमन्द (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित आलोक स्कूल में महाराणा प्रताप साहित्यिक सप्ताह के अंतर्गत दूसरे व तीसरे दिन विभिन्न साहित्यिक व अन्य प्रतियोगिताओ में नर्सरी कक्षा से बारहवीं कक्षा के बच्चों ने अपने-अपने वर्ग के अनुसार उत्साह से भाग लिया। प्राचार्य ललित गोस्वामी ने बताया कि साहित्यिक सप्ताह के दूसरे व तीसरे दिन सभी कक्षाओं की वर्गानुसार भजन, दोहा, चौपाई, सांग, सोलो डांस, फैंसी ड्रैस, स्टोरी टेलिंग, डिबेट प्रतियोगिता, कविता पाठ (हिन्दी, अंग्रेजी) पॉयम विद प्रोप, रोल प्ले, आशुभाषण (अंग्रेजी), वाद-विवाद प्रतियोगिता (हिंदी) का आयोजन हुआ। किड्स प्लेनेट में कक्षा नर्सरी से प्रेप के नन्हें बच्चों ने श्री गोपालम सभागार में शानदार भजन, दोहे, चौपाइयां व फिल्मी सांग की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। अपने अभिभावक की उपस्थिति में सुमधुर गीतों पर सोलो डांस की प्रस्तुतियां देकर हर एक को झूमा दिया। कक्षा 1 से 2 के वर्ग में हिंदी व अंग्रेजी भाषा में कविता पाठ के आयोजन में बच्चों ने देशभक्ति, पर्यावरण, सैनिक, किसान एवं परिवार से जुड़े विषय पर प्रेणादायक कविताओं की प्रस्तुति दी। कक्षा 1 से 5वीं के वर्ग में स्टोरी टेलिंग कॉम्पिटिशन में बच्चों ने प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम शिक्षाप्रद संदेश दिए। रामायण, पंचतंत्र, पुराण, जंगल व महापुरुषों से जुड़ी कहानियों को अच्छे हाव भाव के साथ प्रदर्शित किया। बच्चों ने हिंदी और अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने अपनी कविता से जुड़े विषय के साथ संबंधित प्रॉप्स का भी शानदार उपयोग किया और बहुत प्रभावी ढंग से अपनी कविता की प्रस्तुति दी। बच्चों ने रोल प्ले कॉम्पिटिशन में भी बहुत ही शानदार प्रस्तुतियां दी। इस कॉम्पिटिशन में करीबन 50 बच्चों ने भाग लेकर बहुत ही सुंदर अभिनय और शुद्ध उच्चारण के साथ अपने संवादों को प्रस्तुत किया। कक्षा 9 से 12वीं के वर्ग में इंग्लिश डिबेट में बच्चों ने आजकल के समय में जो नवीनीकरण हो रहा है। उससे भारतीय संस्कृति पर किस प्रकार से सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव पड़ते है विषय पर वाद-विवाद कर अपने बेबाक व तर्कसंगत विचार प्रकट किए। आशुभाषण (अंग्रेजी) व हिन्दी वाद-विवाद का भी आयोजन हुआ। जिसमें आशुभाषण में करीब 17 प्रतिभागियों ने जनतांत्रिक शासन, वोटिंग राइट्स, लाभप्रद या हानिकारक, पर्यावरण और प्रदूषण, नारी सशक्तिकरण, नैतिक शिक्षा, सोशल मीडिया, भ्रष्टाचार उन्मूलन में यूथ की भूमिका आदि विषय पर अपने विचार प्रकट किए। इसी तरह से हिंदी वाद विवाद में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रति विद्यार्थियों का बढ़ता रुझान उनके भविष्य के लिए लाभदायक या नुकसान विषय पर विद्यार्थियों ने पक्ष-विपक्ष में अपने तर्क प्रकट किए। ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

कक्षा 1-2 वर्ग स्टोरी टेलिंग (हिंदी व अंग्रेजी) में हर्षिका पुरोहित, मानवी पालीवाल, दिव्यराज चुंडावत, भव्यांश कुमावत, यश शर्मा, हियांश सनाढ्य, पृथ्वीका अजमेरा, नव्या सोनी व लक्ष्यराज सिंह ने अपनी कक्षानुसार प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 3 से 5वीं में शुभम मीना, गुंजन दवे प्रथम, विदितसिंह, गार्गीसिंह व दिव्यांश साहू-द्वितीय रहे।



## संक्षिप्त खबरें...

### वरदान स्कूल में हुआ जादू की कला का प्रदर्शन



**ऋषभदेव,(पुकार)** । स्थानीय वरदान स्कूल में बच्चों को जादू की कला को दिखाया गया तथा जादू कला के माध्यम से बच्चों को अंधविश्वास से दूर रहने के लिए सलाह भी दी गई बच्चों को जादूगर राज उर्फ राजू पेंटर ने कागज जला कर नोट बनाना, हवा में टेबल उड़ना, खाली हाथों से नोटों निकालना, गर्दन के आरपार तलवार का निकालना एवं कई सारे जादू दिखाए और कला के माध्यम से जादू को विज्ञान कला का भाग भी बताया । आज के दौर मैं ये कला धीरे धीरे लुप्त होती जा रही है एवं इस कला का उपयोग आज कल कई लोग जादू टोना मैं कर रहे है । इस जादू के माध्यम से ये बताने की पूरी कोसिस की गई है की ये केवल हाथो की सफाई है और कुछ नही अतः हमें ऐसे किसी जादू के बहकावे मैं नही आना चाहिए ये केवल एक मनोरंजन मात्र है । अंत मैं कलाकार ने सभी बच्चों से घर पर ऐसा नही करने के लिए भी कहा । सभी बच्चों और स्कूल के सभी शिक्षकगणों ने आज के जादू का भरपूर आनंद उड़ाया । स्कूल के प्राचार्य प्रदीप यादव ने सभी बच्चों को बताया की यह केवल एक कला है आप किसी प्रकार के अंधविश्वास मैं ना आये । अंत मैं जादूगर राजू भाई को प्राचार्य प्रदीप यादव,समन्वयक जितेश व्यास और रजनीश जैन ने बहुत बहुत बधाई दी एवं इस कला को जिन्दा रखने के लिए बहुत बहुत ध्न्यावाद दिया।

### मेवाड़ आम शौरघर, उस्ता, चुडीघर उप कमेटी आमेट के ताहिर अली शोरगर बने अध्यक्ष



**आमेट** । मेवाड़ आम शौरघर, उस्ता,चुडीघर ( आमेट,मोखुंदा,बागौर ) की एक बैठक का आयोजन हसन अली शौरघर के भोलीखेड़ा स्थित फॉर्म हाउस पर हुआ। जिसमें उप कमेटी आमेट के आमेट निवासी ताहिर अली शोरगर को सर्व समिति से सदर बनाया गया। तथा सेकेट्री के लिए अशफाक हुसैन शोरगर व कोषाध्यक्ष के लिए कमर अली शोरगर को नियुक्त किया गया। कमेटी में सरपरस्त जहूर हुसैन,हसन अली,हनीफ मोहम्मद,नूर मोहम्मद,अमीर मोहम्मद,कमरूदीन शोरगर को नियुक्त किया गया। बैठक में समाज के सदस्यों द्वारा तालीम,तंजीम को लेकर जोर दिया और समाज को आगे लाने की बात कही। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से समाज को कैसे इसका लाभ मिल सके और बच्चे कैसे अच्छी तालीम ले सके। समाज में व्याप्त बुराइयां और कुरीतियों को ले कर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर कमेटी का भी विस्तार किया गया।जिसमें उप सदर-इशाक अली, उप सेकेट्री-सरफराज अली चूड़ीगर व उपकोषाध्यक्ष-शौकत अली को बनाया गया। बैठक के दौरान अनवर हुसैन,अफजल हुसैन,मुबारिक अली,सलीम मोहम्मद,अयूब हुसैन,लियाकत अली,सद्दीक अली,आशिक हुसैन,खलील हुसैन,इकबाल हुसैन,सलीम मोहम्मद,शकील अली,समीर अली रमजान अली उपस्थित थे।

### परिवीक्षा काल पूर्ण करने वाले 18 कनिष्ठ सहायकों को सौंपे नियमितीकरण प्रमाण पत्र



**निम्बाहेड़ा।** पंचायत समिति निंबाहेड़ा कार्यालय मैं पदस्थापित 18 कनिष्ठ सहायक द्वारा 2 वर्ष का परिवारिक्षा कल पूर्ण करने के पश्चात नियमितीकरण प्रमाण पत्र प्रधान बगदीराम धाकड़ की अध्यक्षता में सौंप गए। पंचायत समिति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप प्रधान जगदीश आंजना, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि गणेश धाकड़, मंडल महामंत्री राजेश धाकड़, गोपाल धाकड़ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पंचायत समिति निम्बाहेड़ा कार्यालय में पदस्थापित 18 कनिष्ठ सहायकों में श्यामलाल धाकड़, कमलेश कुमार तेली, विनोद कुमार धाकड़, दयाराम रेगर, राधेश्याम मेघवाल, महेश जटिया, भगत राम मीणा, पायल आगार, लोकेंद्र सिंह कानावत, नरेश कुमार पारीक, ललित पारीक, राजमल कुमावत, शहनाज बानू, रामलाल रेगर, भेरूलाल रेगर, कौशल्या पंचोली, नीलम शर्मा एवं रामेश्वर लाल मीणा को अतिथियों ने स्थाईकरण एवं वेतन नियमितीकरण के प्रमाण पत्र सौंपे। इस अवसर पर पंचायत समिति विकास अधिकारी लक्ष्मण लाल खटीक, भाजयुमो कनेरा मंडल महामंत्री विनोद अहीर, किसान मोर्चा अध्यक्ष पुष्कर धाकड़, उंखलिया सरपंच ओंकार लाल धाकड़, केली सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम टेलर सहित पंचायत समिति के बृजेश धाकड़, अविनाश करजगीर, हरि सिंह चौहान, पारस धाकड़, चंद्र प्रकाश योगी, लक्ष्मी नारायण धोबी सहित कार्यालय कर्मी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के आरंभ में पंचायत समिति परिवार द्वारा अतिथियों का मेवाड़ी परम्परा अनुसार साफा पहनाकर एवं उपरना ओढाकर स्वागत किया गया।

### महावीर इंटरनेशनल का निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चिकित्सा जांच शिविर आज

**चित्तौड़गढ़ ।** महावीर इंटरनेशनल हेल्थ केयर चैरिटेबल ट्रस्ट चित्तौड़गढ़ के तत्वाधान मे प्रतिमाह आयोजित होने वाला निशुल्क वृहद नेत्र परीक्षण शिविर मंगलवार दिनांक 26 नवंबर को ओछड़ी स्थित महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय में प्रातः 10 से 1 तक आयोजित किया जा रहा है । इस शिविर के माध्यम से आंखों से संबंधित विभिन्न तरह की बीमारियों का निदान किया जाएगा । साथ में ही जरूरतमंदों को दवाइया एवं चश्मे रियायती दरों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही इस शिविर के माध्यम से मोतियाबिंद के चयनित रोगियों का रक्तचाप , शुगर की जांच एवम ऑपरेशन महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ में जिला अन्धता निवारण समिति के सहयोग से निशुल्क किये जाएगे। महावीर इन्टरनेशनल चिकित्सा सेवा प्रकोष्ठ के प्रभारी वीर प्रकाश पोखरना , वीर नवनीत मोदी, वीर के एम मेहता, वीर राजेंद्र संचेती वीर अशोक सेठिया एवं वीर प्रकाश जैन ने आमजन से अनुरोध किया है कि वे शिविर मे अधिक से अधिक संख्या मे आकर निशुल्क चिकित्सा सुविधाओं का लाभ ले।

### 26 नवम्बर को धरना प्रदर्शन और रेली

**चित्तौडगढ़ ।** भारतीय किसान युनियन चित्तौडगढ जिलाध्यक्ष लेहरूलाल जाट दौलतपुरा नयाखेडा के नेतृत्व में 26 नवम्बर को धरना प्रदर्शन और रेली वर्ष 2021 में संयुक्त किसान मोर्चा के साथ वादे के अनुसार एम.सी.पी. गारन्टी कानून की मांग पूर्व में सर्वे के अनुसार नदी जोडो योजना इंदिरा गांधी सागर नर्मदा से नहर की मांग 1994 से आज तक अफीम किसानो के रूके हुए पट्टो की औसत लाईसेन्स बहाली की मांग सीपीएस के 1 साल के लिए पट्टे रूके हुए की जल्दी बहाल करने की मांग और आठ मांगो को लेकर सभी किसानों जिला कलेक्ट्रेट चित्तौडगढ प्रातः धरना प्रदर्शन करेगें।

### जयकर राव (भांड) युवा शाखा प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार

**चित्तौड़गढ़।** जयकर राव (भांड) के प्रदेशाध्यक्ष भेरूलाल चारण एवं प्रदेश सचिव दुर्गालाल बारेठ के निर्देशानुसार युवा शाखा प्रदेश अध्यक्ष परसराम पोरवाड़ ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राजस्थान प्रदेश खेल अध्यक्ष पद पर स्थानीय रजनीश भांड चित्तौड़गढ़ को नियुक्त किया। उच्चाधिकारियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष को अपनी कार्यकारिणी एवं आगामी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिये।

### कुम्भानगर में संगीतमय सुन्दरकांड पाठ

**चितौड़गढ़ ।** मंगलवार सांय 7.15 बजे से श्री परशुराम रामायण मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट चितौड़गढ़.(राज.) द्वारा भारतीय वेशभूषा के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ भीमराज चौधरी के निवास जे.के.पुरम देवनारायण मंदिर के पास कुम्भानगर चितौड़गढ़ चित्तौड़गढ़ पर रखा गया है । आयोजन से जुढ़े चौधरी ने बताया की संगीतमय सुन्दर कांड पाठ मंडल संरक्षक अध्यक्ष हरिओम मौढ़ के दिशा निर्देशन में मुख्य गायक वक्ता जनार्दन मौढ़, हिमांशुमौढ़ ,अरुणमौढ़ ,खुशीगर्ग,चतरुलाल न्याति, रमेश सोनी ,भैरु लाल दशोरा ,कार्तिक मौढ़, प्रेमलता मौढ़ ,सन्ध्या तेली,सीता शर्मा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा एवं सभी भक्तों से विनती करते की पधार कर प्रभु गुणगान व भक्ति का रस पान करे ।

# विद्युत विभाग संघर्ष समिति के पदाधिकारीयो ने विरोध प्रदर्शन कर अधिशाषी अभियंता को दिया ज्ञापन

## विद्युत क्षेत्र में किये जा रहे निजीकरण पर रोक लगाने की मांग

**आमेट (पुकार)** । राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति शाखा आमेट के पदाधिकारीयो ने सोमवार को नगर के विद्युत कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करतें हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग,राजस्थान सरकार, जयपुर के नाम लिखा एक ज्ञापन विभाग के अधिशाषी अभियंता एसपी सिंह कों देकर विद्युत के क्षेत्र में उत्पादन, प्रसारण एवं वितरण निगमों में भिन्न-भिन्न प्रक्रियाओं एवं मॉडल के नाम पर किये जा रहे अंधाधुध निजिकरण पर रोक लगाने की मांग की ।

संघर्ष समिति के मनोहर सिंह चौहान, छगनलाल गर्ग,ललित कुमार चंदेल,सुनील कुमार कुमावत,उमा शंकर शर्मा,दिनेश चन्द्र रैगर,सुनील रावत, भगवान सिंह गुर्जर, धर्मेन्द्र कुमार बराला,अमीर सिंह,विनोद कुमार कोहली,सुखदेव सिंह चारण,प्रकाश चन्द्र जारोटीया आदि ने दिये ज्ञापन में बताया कि पूर्व में आपके समक्ष प्रस्तुत पत्र के संबंध में विद्युत के क्षेत्र में उत्पादन, प्रसारण एवं वितरण में में भिन्न-भिन्न प्रक्रियाओं एवं मॉडल के नाम पर किये जा रहे अंधाधु निजिकरण पर रोक लगाने हेतु राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा आग्रह किया गया था। परन्तु विद्युत प्रशासन द्वारा इन्हें रोकने पर अभी तक कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाये गये है।

विद्युत क्षेत्र का निमार्ण व संचालन राज्य सरकार द्वारा निगम के माध्यम से उद्योग धंधों के विकास कृषि के उपयोग व घरेलु उपभोक्ताओं के दैनिक दिन उपभोग हेतु किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा इस विद्युत्त क्षेत्र का संचालन बिना लाभ-हानि के सिद्धांत पर अपनी राज्य की जनता के प्रति लोक कल्याणकारी सरकार की सामाजिक जिम्मेदारी के निर्वहन हेतु किया जाता है।परन्तु वर्तमान सरकार अपनी लोक कल्याणकारी भूमिका को छोडकर विद्युत क्षेत्र की लाम हानि के आधार पर संचालन की मंशा से आगे बढ़ रही है । उसी के कारण विद्युत प्रशासन द्वारा विद्युत के वितरण, प्रसारण व उत्पादन में वर्तमान से द्रुतगति से भिन्न-भिन्न प्रक्रियाओं एवं मॉडल के नाम पर निजिकरण किया जा रहा है। बताया गया कि वितरण के क्षेत्र में तीनों डिस्कॉम में वर्तमान में अधिकतर कार्य आउटसोर्स, एफआरटी, ठेके च सीएलजारसी इत्यादि नामों से निजि भागीदारी द्वारा करवाये जा रहे है। अब एचएएम मॉडल के तहत 33/11 केवी ग्रिड के फीडर सेग्रिगेशन व सोलराईजेशन के नाम पर आउटसोर्स कर निजी हाथों में दिया जा रहा है।जो कि ग्रिड सैपटी कोड का सीधा सीधा उल्लंघन है। इसके कारण एच एएम मोडल के तहत 33/11 केवी ग्रिड निजी हाथों में देने से राज्य में देश की सामरिक सुरक्षा को किसानों/जनता के आन्दोलनों, प्रदर्शनों एवं युद्ध के समय में खतरा उत्पन्न हो सकता है। तथा प्रसारण निगम जो कि वर्षों से लाभ देने वाला संस्थान है उसके बावजूद इसके ग्रिडों का संचालन कलस्टर के माध्यम से ठेके पर देकर करवाया जा रहा है एव अब इनविट के माध्यम से प्रसारण की आर्थिक सुदृढता व लाभकारी स्थिति में विशेष योगदान देने वाले 765 केबी व 400 केवी ग्रिड सब-स्टेशन से प्राप्त होने वाली आय को इस मॉडल के माध्यम से निजि भागीदारों को बाटकर प्रसारण को भी हानि का निगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है।



विद्युत प्रशासन व राज्य सरकार द्वारा कर्मचारी व अधिकारियों के इस लोकतांत्रिक माध्यम से विभाग बचाने हेतु दिये गये ज्ञापन पर संज्ञान नहीं लिया जाता है तो भविष्य में देश, उद्योग व श्रमिक हित में लोकतांत्रिक श्रमिक आंदोलन जारी रहेगें।

# निजीकरण व ओपीएस को लेकर प्रसारण वृत के कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन कार्य बहिष्कार

**भीलवाड़ा (पुकार)** । राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति ने पांचों निगमो में अंधाधुंध निजीकरण व ओपीएस को लेकर मुख्यमंत्री महोदय व अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग को अधीक्षण अभियंता (टीओसी) के माध्यम से जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में प्रदर्शन कर ज्ञापन प्रेषित किये। संयुक्त संघर्ष समिति के अरूण छीपा ने बताया कि प्रसारण निगम जो वर्षों से लाभ देने वाला संस्थान है, उसके बावजूद इसके ग्रिडो का संचालन कलस्टर के माध्यम से ठेके पर देकर करवाया जा रहा है। इस प्रकार प्रसारण को भी हानि का निगम बनाया जा रहा है। संयुक्त संघर्ष समिति के शैलेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि पांचों विद्युत निगमों में कार्यरत कर्मचारियों को लगभग एक वर्ष पूर्व ओपीएस योजना का फॉर्म भरवाकर सदस्य बना दिया गया, परन्तु अभी तक सीपीएफ कटौती बंद कर जीपीएफ कटौती शुरू नहीं की गई। संयुक्त संघर्ष समिति में शामिल संगठन को विद्युत के पांचों निगमों में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करते है, एक स्वर में आज दिनांक को कार्य बहिष्कार करते हुए ज्ञापन के माध्यम से मांग करते है कि वितरण, प्रसारण, उत्पादन निगमों से विभिन्न प्रक्रियाओं और मॉडल के माध्यम से किये जा रहे निजीकरण पर रोक लगाई जावें एवं नये कर्मचारियों की भर्ती की जावें। प्रदर्शन के दौरान प्रहलाद राय, अतेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, केजी शर्मा, श्रवण कुमार सोठा, रतन लाल, भूर सिंह, सुजीत कुमार राय, शांति देवी, विकास जोशी, प्रमोद कुमार, श्रीनिवास मिश्रा, विनोद वासवानी, गौतम मीणा आदि उपस्थित थे।



# श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय कल्याण लोक में रंग-तरंग का समापन





**निंबाहेड़ा।** श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय कल्याण लोक निंबाहेड़ा में 21 नवम्बर से प्रारंभ हुए चार दिवसीय कार्यक्रम रंग-तरंग का समापन सत्र 24 नवम्बर को सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में प्रमुख शास्त्रीय एवं लोक नृत्य, लघु नाटकों की कई रंगारंग झलकियों को प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री व विधायक श्रीचन्द कृपलानी रहे। उन्होनें अपने उद्बोधन के माध्यम से वेदों एवं वेदांगों के संरक्षण के लिए विश्वविद्यालय को प्रेरणास्पद बताया और विश्वविद्यालय की उन्नति, प्रगति के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे ऐसे आशीर्वचनों के साथ छात्रों व समस्त विश्वविद्यालय परिवार का उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अशोक नवलखा व प्रायोजक निकाय श्री शेषावतार 1008 श्री कल्लाजी वेदपीठ एवं शोध संस्थान के अध्यक्ष लालु भाई केवलानी रहें तथा अन्य समाजसेवी एवं शिक्षकगण भी अतिथि रूप में उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलगुरू प्रो. ताराशंकर शर्मा ने की। उनके आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से आयोजन सफल रहा। उन्होंने बताया कि वेदमंत्रों में आज भी शक्ति का संचार होता हैं, जिसे आज विज्ञान भी स्वीकार करता हैं। इस आयोजन के संरक्षक चैयरपर्सन कैलाशचन्द्र मुन्दड़ा रहे। उन्होंने सभी गणमान्य अतिथियों का अभिवादन करते हुए कहा कि हम वैदिक संस्कृति एवं संस्कारों को बनाए रखने के क्षेत्र में हमेशा प्रयासरत रहेंगे। छात्रों को वैदिक शिक्षा द्वारा ही हम अपने सनातन संस्कारों को बचा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल लोक रंजन नहीं अपितु लोक रंजन के माध्यम से लोक-मंगल की भावना हैं। कार्यक्रम की अग्रिम कड़ी में श्याम सुन्दर पारीक को उनके साहित्य सृजन के क्षेत्र में श्रीकल्ला राठौड़ साहित्य साधना युवा पुरस्कार तथा पंकज कुमार झा को उनके संस्कृत साहित्य क्षेत्र विशेष योगदान होने पर श्री कमधज युवा साहित्यकार पुरस्कार प्रदान किया गया। अन्त में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों व पूर्व आयोजित खेल प्रतिभगियों को पुरस्कृत किया गया। संचालन का कार्य डॉ स्मिता शर्मा ने किया तथा स्वागत अभिवादन डॉ ललित किशोर शर्मा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ लोकेश चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के समस्त सहकर्मियों का सफल सहयोग एवं उपस्थिति रहीं।

# श्री कल्लाजी वेद विद्यालय द्वारा वेद ऋचाओं का गान रहा प्रशंसनीय



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । मेवाड़ के 77 वें महाराणा के रूप में विश्वराज सिंह के राजतिलक आयोजन सोमवार को फतहप्रकाश महल में आयोजित किया गया। राजतिलक के दौरान श्री कल्लाजी वेद विद्यालय के आचार्यो एवं 51 बटुकों द्वारा प्रस्तुत चारो वेदों की ऋचाओं का गान प्रशंसनीय रहा। हजारों लोगों की उपस्थिति में राजतिलक के दौरान जब वेद विद्यालय के बटुक सस्वर चतुर्वेद पारायण किया गया, तो लगा जैसे हम वैदिक काल में ही हों। जिससे भक्तिमय और शक्तिमय वातावरण बन गया। आचार्य एवं बटुकों ने चतुर्वेद की ऋचाओं से मंगल कामना की। श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन कैलाश मूंदड़ा और कथा वाचक गौनंदन विकास नागदा ने महाराणा से भेंट की। भेंट में नजराना पेश किया गया। साथ ही उपरना और रुद्राक्ष की माला पहनाकर 493 साल बाद चित्तौड़ दुर्ग पर राज्याभिषेक की मंगल कामना के साथ शुभकामना दी। श्री कल्लाजी वेदपीठ एवं शोध संस्थान एवं श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय की संपूर्ण जानकारी के साथ आगामी कल्याण महाकुंभ के लिए भी निमंत्रण दिया गया। इस से पूर्व वीरवर कल्लाजी और जयमल जी के स्मारक पर महाभिषेक किया। महाराणा सहित समस्त लोगों ने बटुकों के सस्वर वेद की ऋचाओं की प्रशंसा की। वहीं वीरवर कल्लाजी और जयमल जी के स्मारक पर महाराणा विश्वराज सिंह ने दर्शन किए। आचार्य सीताराम शर्मा, ओम पांडे, अमित तिवारी और किरण दास वेद परायण में बटुकों के साथ मौजूद थे।

## 75वें संविधान दिवस के अवसर पर होंगे विविध आयोजन

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । 75वें संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर मंगलवार को जन जागरूकता वाहन रैली, संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जागरूकता रैली का शुभारंभ प्रातः 10 बजे कलक्ट्री चैराहे पर अतिरिक्त जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनील कुमार गोयल करेंगे। यह रैली कलेक्ट्री चैराहे से प्रारम्भ होकर सुभाष चैंक, गांधीनगर, भील बस्ती, चित्तौडी, खेरी, घटियावली, गढवाडा, धराणा, बृसिंह गुढा, उद्पुरा, नल्दा, केसरपुरा, केलझर खेडा, नेतावलगढ पाछली, एराल, भेरूसिंह जी का खेडा, सुरजपोल इत्यादि गांवों एवं शहर के मुख्य मार्गो से गुजरती हुई चित्तौडगढ पहुंचेगी। इस रैली में संवैधानिक अधिकार और सम्मानजनक जीवन के लिए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं संविधान के बारे में पेम्पलेट इत्यादि के माध्यम जानकारी साझा की जायेगी। इसके पश्चात प्रातः 11.30 बजे घटियावली के रा.उ.मा.वि. प्रागण में संविधान जागरूकता सभा व संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यहां पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा संविधान निर्माण से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस अवसर पर अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य वैज्ञानिक एवं प्रयास सलाहकार डॉ. नरेन्द्र गुप्ता, आधारशिला शिक्षण शिविर अमरपुरा की बालिकाएं, उदपुरा, घटियावली, नेतावलगढ पाछली, मानपुरा (सुरजपोल) एवं एराल ग्राम पंचायत के 20 गांवों के युवा महिला-पुरूषों सहित अनेक प्रबुद्धजन एवं प्रयास। संस्था के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

## प्रदेश अध्यक्ष ने की सांसद से समाज के विषय में भेंट



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । हरिवंश कीर समाज द्वारा वीरांगना पूरी माँ का 313वाँ जन्मोत्सव 11 दिसंबर 2024 बुधवार को मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर प्रदेश अध्यक्ष किशनलाल कीर ने चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी से भेंट कर निमंत्रण पत्र दिया और समाज के विषय में वार्ता की जिस पर सांसद ने वीरांगना पुरी माँ कीर को पेनोरमा बनाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर समाज के सचिव ओमप्रकाश कीर, सदस्य शंकरलाल कीर, जिला महामंत्री नारायणलाल कीर, बाबुलाल कीर, कालूलाल कीर हमीरगढ़, भंवरलाल कीर, जगमोहन लाल, कालूलाल, आदि उपस्थित रहे।

# अतिरिक्त जिला कलक्टर ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

## बकाया कार्यों को शीघ्र पूरा करने करने के निर्देश दिए



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । अतिरिक्त जिला कलक्टर भू अ रामचंद्र खटीक ने सोमवार को जिला परिषद् सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं बजट घोषणाओं, डीएमएफटी के अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विभागीय घोषणाओं - योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने सहित आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं और डीएमएफटी के अंतर्गत बकाया कार्यो को शीघ्र पूरा करने करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को बकाया सड़क निर्माण कार्यो को शीघ्र पूरा करने, एवीवीएनएल को पीएम सूर्यघर योजना, किसान मित्र ऊर्जा योजना के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के निर्देश दिए । उन्होंने शिक्षा विभाग से समसा, पीएम श्री योजना सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्यों एवं नगर परिषद से अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत कार्यों एवं सफाई कर्मचारी हेतु एनओसी की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को मोसमी बीमारियों, चिकित्सा संस्थानों हेतु भूमि आवंटन की स्थिति की जानकारी ली व खाद्य पदार्थों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता से विद्युत आपूर्ति, कटौती, ट्रांसफार्मर, कृषि कनेक्शन एवं पेंडिंग कनेक्शन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आवश्यक रूप से राजकाज पर ई-फाइलिंग, पेंडिंग फाइलों का एवं संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निस्तारण करें। बैठक में पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता बी एल सिंह, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता सुनीत कुमार, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार दशोरा, सीएमएचओ डॉक्टर ताराचंद गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मेवाड़ हिल डिफेंस एकेडमी बोरदा का अग्निवीर में परिणाम 100 प्रतिशत रहा

**चित्तौड़गढ़ ।** भारतीय सेना अग्नि वीर का परिणाम 4 अक्टूबर को घोषित हुआ।जिसमें मेवाड़ हिल डिफेंस एकेडमी बोरदा के 11 बच्चों का पूर्ण रूप से भारतीय सेना में चयन हुआ है । एकेडमी के कोच लादू गुर्जर ने बताया है कि उदयपुर में 1 जुलाई को आयोजित हुई अग्नि वीर आर्मी रैली भर्ती में मेवाड़ हिल डिफेंस एकेडमी के 27 लड़कों ने भाग लिया जिसमें में से 25 लड़कों ने फिजिकल पास किया और 22 लड़के मेडिकल और फिजिकल दोनों में पास हुए। अंतिम परिणाम की घोषणा 4 अक्टूबर को हुई ,उसमें 11 लड़के पूर्ण रूप से फौजी बनकर निकले। इस मौके पर गौसेना जिला प्रमुख एवं वार्ड पंच बोरदा गोपाल माली ने सभी फोजी भाईयों को शुभकामनाएं दी। साथ ही बोरदा सरपंच पप्पू लाल गुर्जर ने एकेडमी में तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों और पास हुए फोजी भाई -बहनों को देश सेवा के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया और बधाई दी।बोरदा गांव में भारतीय सेना में जाने से खुशी का माहौल बन गया ।कोच लादु गुर्जर ने बताया कि इस एकेडमी में राजस्थान पुलिस, एसएससी ,जीडी आदि की तैयारी करवाई जाती है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 12 जनवरी को

- जिले के युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस पर मिलेगा पीएम मोदी से मिलने का मौका
- माय भारत पोर्टल पर क्विज प्रतियोगिता आज से शुरू
- देशभर से तीन हजार युवा जुटेंगे दिल्ली में

**डूंगरपुर(पुकार)।** भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत पोर्टल के माध्यम से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन 25 नवंबर से माय भारत पोर्टल पर आयोजित किया गया। देश भर से चुने हुए तीन हजार युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रूबरू होने का मौका मिलेगा। नेहरू युवा केंद्र डूंगरपुर के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के अग्रणी भूमिका की वकालत की थी। इस विचार को लेकर युवाओं को विकसित भारत की भविष्य योजना पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा। युवाओं के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढ़ने में अपने विचार शामिल कराने का अवसर होगा, इससे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी। डूंगरपुर के युवाओं को ऐसे मिलेगा पीएम मोदी जी से मिलने का मौका विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम में भारत के भविष्य को आकार देने में युवाओं की भागीदारी प्रेरित करने की चार चरणों में प्रतियोगिता शामिल है।

**पहला चरण: विकसित भारत प्रश्नोत्तरी:-**

इसके अंतर्गत मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म पर 25 नवंबर 2024 से 5 दिसंबर 2024 तक आयोजित होने वाले डिजिटल क्विज में 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु के युवा भाग लेंगे। इसमें प्रतिभागियों के ज्ञान और भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों के बारे में उनकी जानकारी की परीक्षा होगी। डिजिटल क्विज में भाग लेने के लिए जिले के युवाओं को प्लेटफॉर्म पर पहले चरण की क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लेना होगाए इसमें देश की सांस्कृतिक ऐतिहासिक नवीन तकनीकी और समसामयिक मुद्दों से जुड़े सवालों के जवाब देने होंगे प्रथम चरण में सफल होने वाले प्रतिभागियों को दूसरे चरण में शामिल किया जाएगा।

**दूसरा चरण: निबंध और ब्लॉग लेखन:-**

इसमें पिछले चरण के विजेता लगभग 10 चुने गए विषयों जैसे विकसित भारत के लिए तकनीक विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना आदि पर निबंध प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्रीय विकास के प्रति उनके विचार परिलक्षित होंगे। यह प्रतियोगिता माई भारत प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जाएगी।

**तीसरा चरण: विकसित भारत विजन पिच डेस्क राज्य स्तरीय प्रस्तुतियां:-**

दूसरे चरण में उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभागी राज्य स्तर पर चुने हुए विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। उनकी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रत्येक राज्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के चयन के लिए विभिन्न विषयों पर टीमों का गठन करेगा।

**चौथा चरण: नई दिल्ली में भारत मंडपम में विकसित भारत राष्ट्रीय चैम्पियनशिप:-**

विभिन्न थीम-आधारित राज्य स्तरीय टीमें 11 और 12 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगी। विजेता टीमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष विकसित भारत के निर्माण पर अपने दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगी। जिला युवा अधिकारी की अपील ज्यादा से ज्यादा युवा निभाएं भागीदारी जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने आदिवासी बाहुल्य डूंगरपुर जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं से डिजिटल क्विज में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि डूंगरपुर जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस आवश्यक्ता है तो उचित मंच मिलने की। माय भारत पोर्टल ऐसा ही एक मंच है,जहां से जिले के युवाओं को देश ही नहीं दुनिया के सबसे प्रभावशाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का मौका मिल सकता है।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

### लंबित आवेदनों का शीघ्र हो निस्तारण-जिला कलक्टर सिंह

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने विभिन्न योजनाओं में लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को डीओ आईटी भवन के सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए दिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री लघु उद्योग योजना, विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं के बैंक स्तर पर लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण हेतु मुख्य प्रबंधक अग्रणी जिला बैंक को संबंधित बैंक अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आ रही तकनीकी समस्याओं का समाधान करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बैठक में एवीएनएल अधिकारी से विद्युत आपूर्ति, कृषि हेतु आपूर्ति, बजट घोषणाओं के तहत भूमि आवंटन, आदि की जानकारी लेते हुए सूर्य घर योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। नगर परिषद डूंगरपुर की समीक्षा करते हुए झील संरक्षण अधिसूचित के लिए सर्वे रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए।

## प्रत्येक जीवात्मा में भगवान हैं, किन्तु अभी भगवान नहीं है:-आचार्य सुधींद्र सागर

**डूंगरपु (पुकार)।** ग्राम में विराजित आचार्य सुधींद्र सागर मुनि शैलनन्द महाराज के सानिध्य में चंद्र प्रभु जिनालय में प्रातः पंचामृत अभिषेक शांति धारा हुई शांति धारा का लाभ दीपेश, अंजना दीप्ति, लक्ष्य, ग्रीहु शाह परिवार ने अपने 18 वीं शादी की वर्षगांठ के उपलक्ष में दानार्थ कर पुण्यार्जन का लाभ लिया अध्यक्ष दीपक जैन कुआं समाज दुपट्टा उड़कर पगड़ी पहनकर स्वागत भव्य स्वागत किया। सेवी धर्म प्रेमी दानवीर अनिल जैन गैंजी ने जानकारी दी। आचार्य श्री ने धर्म सभा में कहा कुआं के श्रावकों की यह विशेषता है। परिवार में जब भी किसी का जन्म दिन पुरखों की पुण्य तिथि शादी की वर्षतिथि हो अपने धन में से दान राशि निकाल कर विशेष रूप से शांतिधारा हर्षोल्लास से की जाती हैं यह इस गांव की विशेषता हैं। नित्य अभिषेक शांतिधारा ओर भगवान का प्रक्षालन करने से अपने पापों का प्रक्षालन होता हैं आगे कहां सब के आत्मा में भगवान आत्मा हैं, किन्तु वर्तमान में सब भगवान नहीं हे जैसे बर्फमें पानी हैं, किंतु बर्फपानी नहीं हैं। दूध में मावा हैं, किन्तु दूध मावा नहीं, गन्ने के रस में गुड़ हैं किन्तु रस गुड नहीं, पाषाण में सोना हैं, किन्तु पाषाण सोना नहीं हैं। यह सब भट्टी पर तप कर बर्फ पानी दूध मावा गन्ना रस गुड़ पाषाण से सोना बन जाता हैं ऐसे ही जीव आत्मा तापशरण रूप भट्टी में तप कर यह आत्मा भगवान आत्मा बन जाती हैं।



डूंगरपुर। गैंजी गांव में चंद्र प्रभु जिनालय में नित्य अभिषेक शांतिधारा ओर भगवान का प्रक्षालन करते। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

## विद्युत विभाग में निजीकरण का विरोध


- कार्मिकों ने धरना प्रदर्शन कर चेताया

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** निजीकरण के विरोध में एवं सीपीएफ कटौती बन्द कर जीपीएफ कटौती शुरु करने को कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर ज्ञापन सौपा। धंबोला विद्युत उपखंड कार्यालय पर विद्युत कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन एवं कार्य बहिष्कार कर उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं सहायक अभियन्ता के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा, राजस्थान सरकार को विद्युत विभाग में निजीकरण विरोध का ज्ञापन प्रस्तुत किया है। ज्ञापन में बताया कि सरकार ने विद्युत निगम के सभी संस्थान उत्पादन, प्रसारण व वितरण को निजी हाथों में देने के फैसले से विद्युत कर्मचारी आक्रोशित हैं। संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले सोमवार को धंबोला विद्युत उपखंड कार्यालय परिसर में सभी यूनियनों के पदाधिकारियों कर्मचारियों ने धरना प्रदशर्न कर कार्य बहिष्कार किया है। विद्युत कार्मिकों ने बताया कि निजीकरण के विरोध में सोमवार को कार्य बहिष्कार कर उपखण्ड कार्यालय में एवं सहायक अभियन्ता के माध्यम से ऊर्जा सचिवए राजस्थान सरकार और उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपा है। वही बताया कि पांचों विद्युत निगमों में कार्यरत कर्मचारियों को लगभग एक वर्ष पूर्व ओपीएसण् योजना का फार्म भरवाकर सदस्य बना दिया गया है परन्तु अभी तक ओपीएस योजना कि पुरानी पेंशन योजना संस्था में लागू होने के बाद नियोक्ता अंशदान के रुप में कोई कटौती सीपीएफयोजना के अन्तर्गत नहीं की जायेगी, की अनुपालना में आज तक सीपीएफ कटौती बन्द कर जीपीएफ कटौती शुरु नहीं की गई है।



सीमलवाड़ा। धंबोला विद्युत सहायक अभियंता कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे विद्युत कार्मिक।

## विकास कार्य अवरूद्ध होने पर ग्रामीणों ने की पंचायत पर तालाबंदी



आसपुर। पंचायत चैनल गैट पर ताला बंदी करतें ग्रामीण एवं पंचायत के पदाधिकारीयों से सफल वार्ता करतें वार्ड पंच एवं ग्रामीणजन।

- बनकोड़ा ग्राम पंचायत का मामला

**आसपुर(पुकार)।** पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बनकोड़ा में विकास कार्य नही होने पर सोमवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने वार्ड पंच सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पंचायत पर विरोध प्रदर्शन करते हुए तालाबंदी कर दी। करीब दो घंटे तक समझाइश का दौर चला इसके बाद लिखित में विकास कार्य शुरू करने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने ताला खोला।

सोमवार को सुबह 11 बजे ग्रामीण ग्राम पंचायत पहुंचे यहां पर ग्रामीणों ने मनरेगा योजना में स्वीकृत पक्के कार्य ठेकेदार द्वारा नही करने का आरोप लगाते हुए पंचायत भवन के बाहर ताला जड़ दिया। तालाबंदी की सूचना पर ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह, सरपंच जैकी मीणा, उपसरपंच दिवाकर कोठारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश का प्रयास किया तो ग्रामीणों ने ठेकेदार को मौके पर बुलाकर लिखित में कार्य शुरू करने की मांग की।

जिस पर ग्राम पंचायत ने लेटर पैड पर निविदा फर्म तिरुपति इंटर प्राइजेज ने 5 दिसंबर से कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन दिया तब ग्रामीणों का समझोता हुआ। वार्ड पंच सुरेंद्र सिंह ने तय तिथि के बाद भी कार्य शुरू नही होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस अवसर पर शंकर मीणा, परी, मंजू, कलू, नानजी, अशोक, जयंती, सोहन, नानूराम, देवा आदि मौजूद थे।

## जान से मारने की कोशिश करने वाले 2 बदमाश गिरफ्तार

- जमीन विवाद में लट्ठ, पत्थरों से किया था हमला, पूछताछ में जुटी पुलिस

**डूंगरपुर (पुकार)।** कोतवाली थाना पुलिस ने जमीनी विवाद के चलते एक युवक पर लट्ठ व पत्थरों से हमला कर जान से मारने कि कोशिश करने के मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस दोनों ही आरोपियों से पूछताछ कर रही है। कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर अमृतलाल ने बताया कि भंडारिया निचला फला निवासी समसिंह राजपूत 4 नवंबर की रात 8 बजे ट्रैक्टर लेकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में जितेंद्रसिंह और आशीष सहित 8 से 10 लोगों ने मिलकर समसिंह पर पत्थरों से हमला कर दिया। उसके बाद आरोपियों ने लातए घुसों और लट्ठ से मारपीट की। मारपीट की वजह से समसिंह राजपूत गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया। परिजनों ने बताया कि आरोपियों से उनका जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी मामले में पुलिस ने सोमवार को भंडारिया निवासी जितेंद्रसिंह चौहान और कल्याणसिंह चौहान को जानलेवा हमला करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।



डूंगरपुर। पुलिस गिरफ्त में जान से मारने के दो आरोपीयों के साथ पुलिस दल। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

## अध्यापकों के स्थानांतरण को लेकर किया प्रदर्शन,सौपा ज्ञापन

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जिला कमेटी डूंगरपुर की ओर से जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर राज्य सरकार को जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष हेमंत कुमार खराड़ी ने कहां कि प्रदेश में शैक्षिक धड़े की मजबूत कड़ी सरकारी कर्मचारी का सबसे बड़ा संवर्ग शिक्षा विभाग पिछले कई वर्षों से स्थानांतरण का इंतजार कर रहा है इस दौर में सभी संवर्गों के स्थानांतरण किए गए लेकिन थर्ड ग्रेड शिक्षकों की नहीं कर सरकार के सौतेली व्यवहार के कारण शिक्षकों का सरकार के प्रति आक्रोश तेज हो रहा है संतुष्ट शिक्षक ही अपने विद्यार्थियों को संतुष्ट रख सकता है इसलिए संगठन आपसे मांग करता है कि शिक्षकों की अभिलंब पदोन्नति कर रिक्त होने वाले 70 हजार पदों पर इच्छुक सभी थर्ड ग्रेड शिक्षकों के स्थानांतरण आदेश स्थानांतरण नीति बनाकर जारी किया जावे और स्थानांतरण देश के पास 70000 हजार पदों पर शिक्षकों की नई भर्ती भी की जावे यदि सरकार ने आंदोलन को हल्के में लिया तो प्रदेश में शिक्षकों का गुस्सा सड़कों पर होगा और आंदोलन का आगाज होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। जिलाध्यक्ष मणिलाल मालीवाड़ ने कहां कि बीएलओं सहित समस्त प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षको को मुक्त किया जाए। शिक्षक नेता श्रवण पुरोहित के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदर्शन में धनराज खराड़ी कांतिलाल खराड़ी राजकुमार परमार, विनोद कुमार मीणा जीवनलाल बरांडा रामलाल भगोरा ,वासुदेव परमार, पुष्पेंद्र मीणा, केशव कोटेड, शान्तिलाल गमेती, धारासिंह परमार, नरेश भगोरा आदि शिक्षक नेता ने भाग लिया।



डूंगरपुर। शिक्षक संघ द्वारा प्रदर्शन कर जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपते।-फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

## माह दिसम्बर, 2024 की प्रस्तावित बैठकों का कार्यक्रम जारी

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने माह दिसम्बर, 2024 की प्रस्तावित बैठकों का कार्यक्रम जारी कर दिया है।

जारी कार्यक्रम के अनुसार 2 दिसम्बर को साप्ताहिक समीक्षा बैठक प्रातः 10 बजे, 9 दिसम्बर को साप्ताहिक समीक्षा बैठक प्रातः 10 बजे, जिला टास्क फोर्स समिति एवं जिला महिला समाधान समिति की बैठक प्रातः 11 बजे, जिला स्तरीय समीक्षा बैठक बाल संरक्षण इकाई की बैठक प्रातः 11.30 बजे, जिला स्तरीय बंधक श्रमिक समिति की बैठक दोपहर 12 बजे, प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम की बैठक सायं 3 बजे, मत्स्य पालक विकास अभिकरण के लिए स्थाई प्रबंध समिति की बैठक सायं 3.30 बजे, जिला स्तरीय कौशल विकास समिति की बैठक सायं 4 बजे, 10 दिसम्बर को जिला स्थाई विद्युत समिति की बैठक प्रातः 11 बजे, जिला हॉर्टीकल्चर डवलेपमेन्ट सोसायटी एवं आत्मा की बैठक प्रातः 11.30 बजे, स्वयं सहायता समूह की समीक्षा बैठक सायं 3.30 बजे, जिला स्तरीय औद्योगिक सलाहकार समिति (विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र) पीएमइजीपी टास्क फोर्स की बैठक सायं 4 बजे, जिला स्तरीय वनाधिकारी समिति की बैठक सायं 4.30 बजे, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक सायं 5 बजे आयोजित की जाएगी।

इसी प्रकार 16 दिसम्बर को ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैइक प्रातः 11 बजे, आबकारी निती के संबंध में न्यायालय द्वारा पारित आदेशों की अनुपालना में बैठक सायं 3 बजे, आबकारी दुकानों की अवस्थिति संबंध में प्राप्त शिकायतों पर समीक्षा बैठक सायं 3.30 बजे, जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैइक सायं 4 बजे, डिस्ट्रीक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की बैठक सायं 4.30 बजे, 17 दिसम्बर को पशु क्रुरता निवारण समिति की बैठक प्रातः 11 बजे, जिला लाइन स्टॉक मेंशन समिति की बैठक प्रातः 11.30 बजे, 19 दिसम्बर को विशेष जन सुनवाई प्रातः 10 बजे, जिला लोक शिकायत एवं सतर्कता समिति की बैठक प्रातः 11 बजे, राजस्था सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक प्रातः 11.30 बजे, जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक दोपहर 12 बजे, 23 दिसम्बर को साप्ताहिक समीक्षा बैठक प्रातः 10 बजे, जिला स्तरीय मध्यान्ह् भोजन समीक्षा एवं संचालन समिति एवं जिला स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक प्रातः 11 बजे, आदर्श एवं उत्कृष्ट विद्यालयों के संबंध में समीक्षा बैठक प्रातः 11.30 बजे, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन की बैठक दोपहर 12 बजे, जिला पर्यावरण समिति की बैठक दोपहर 12.30 बजे, 24 दिसम्बर को राजस्व अधिकारियों की समीक्षा एवं अवैध खनन संबंधी बैठक प्रातः 11 बजे, 20 सूत्रीय कार्यक्रम के आयोजन क्रियान्वयन हेतु समिति की बैठक सायं 4 बजे, महिला अत्याचार निवारण समिति की बैठक सायं 4.30 बजे, अनुसूचित जाति, जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1995 के नियम 4 अन्तर्गत समीक्षा बैठक सायं 5 बजे, अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम समीक्षा बैठक सायं 5.30 बजे तथा 30 दिसम्बर को साप्ताहिक समीक्षा बैठक प्रातः 10 बजे, जिला स्वास्थ्य समिति, एनआरएचएम समिति एवं जिला स्तरीय क्वालिटी एश्योरेंस सब कमेटी की बैठक सायं 4 बजे एवं मेडिकल रिलीफसोसायटी की बैठक सायं 5.30 बजे आयोजित की जाएगी।

## पंचायतराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के चुनाव सम्पन्न

- रायसिंह अहाड़ा अध्यक्ष, रमेश यादव महामंत्री मनोनीत



डूंगरपुर। पंचायतराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के चुनाव के पश्चात उपस्थित पदाधिकारी। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

**डूंगरपुर (पुकार)।** पंचायतराज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के चुनाव सोमवार को पंचायत समिति डूंगरपुर सभागार में हुए। सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। रायसिंह अहाड़ा को निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत किया। संरक्षक रमेशचंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष शंभुसिंह राठौड़, महामंत्री रमेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष शिवशंकर डेंडोर,प्रदेश प्रतिनिधि मणिलाल यादव तथा प्रवक्ता रोहित चौबीसा को बनाया गया। कार्यकारिणी गठन के बाद पदाधिकारियों का फुल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एवेय टू हैप्पीनेसे की सातवीं कार्यशाला का आयोजन



**राजसमन्द(पुकार)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल राजनगर की ओर से समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत एवेय टू हैप्पीनेसे की सातवीं कार्यशाला का आयोजन शनिवार को राबाउमावि राजनगर में किया गया। जिसका विषय था स्वस्थ भोजन की आदतें। कार्यशाला का शुभारंभ महिला मंडल की बहनों ने नमस्कार महामंत्र से किया गया। समृद्ध राष्ट्र योजना की प्रभारी सीमा धोका ने 9 बार बच्चों को महाप्राण ध्वनि प्रयोग करवाया गया। कार्यशाला में एकाग्रता बढ़ाने के लिए बच्चों को कार्यसमिति सदस्या चंचल कोठारी ने सभी बच्चों को योग एवं प्राणायाम का प्रयोग करवाया गया। महिला मंडल अध्यक्षा सुधा कोठारी ने सभी महिला मंडल की बहनों एवं अध्यापकों व बच्चों का स्वागत किया और सभी बच्चों को स्वस्थ भोजन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी बच्चों को संतुलित भोजन करने व खाने की सलाह दी। कार्यसमिति सदस्या नीता कावड़िया ने बच्चों से सवाल जवाब किया व अगला विषय सोशल मीडिया का सदुपयोग के बारे में बच्चों को तैयारी करने के लिए कहा। आभार महिला मंडल मंत्री चेष्टा धोका ने आभार ज्ञापित किया।

### श्रम कल्याण केन्द्र पर बैठक 27 नवम्बर को

**डूंगरपुर(पुकार)।** भारतीय मजदूर संघ की बैठक 27 नवम्बर बुधवार सुबह 11 बजे श्रम कल्याण केंद्र गेप सागर की पाल पर आहुत होगी। जिसकी अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ की जिलाध्यक्ष पार्वती भगोरा करेंगी। बैठक में आशा सहयोगिनी की समस्याओं का समाधान और समय पर मानदेय का भुगतान की चर्चा की जाएगी एवं विशेष आशा सहयोगिनी की नई युनियन का गठन किया जाएगा। बैठक के दौरान चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। जिसमें जिला आंगनबाड़ी के पदाधिकारी भी सम्मिलित रहेंगे। उक्त जानकारी जिला प्रभारी मांगीलाल पंचाल ने दी।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर(पुकार)।** दोवड़ा थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। नाबालिग दुकान पर सामान लेने गई थी। आरोपी उसे डरा धमकाकर भगा ले गया और वारदात को अंजाम दिया। मामले में पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

दोवड़ा थानाधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति ने 3 अक्टूबर को थाने में दर्ज रिपोर्ट दर्ज में बताया कि उसकी 17 साल की बेटी 24 सितंबर को दुकान पर सामान लेने के लिए गई थी। देर तक वह वापस घर नहीं आई। जिस पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। बेटी की सहेलियों और रिश्तेदारों के घरों पर पता किया, लेकिन नाबालिग का कहीं पता नहीं लगा। पुलिस की टीम ने उसकी छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने नाबालिग को बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात कबूल कर ली है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### पालनहार योजना का लाभ ले रहे पात्र व्यक्तियों को अविलंब सत्यापन करवाना होगा

**डूंगरपुर(पुकार)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की पालनहार योजना का लाभ ले रहे पात्र व्यक्तियों को अविलंब सत्यापन करवाना होगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अशोक शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा अनाथ, विधवा माता की संतान, दिव्यांगजन की संतान, एड्स पीड़ित माता-पिता की संतान सहित अन्य पात्र श्रेणी के बालक-बालिकाओं के लिए संचालित इस योजना अन्तर्गत 12 हजार 762 बच्चे लाभान्वित हो रहे है। निरंतर अनुदान सहायता पाने के लिए लाभार्थी को वर्ष में एक बार जुलाई के बाद बालक-बालिकाओं के विद्यालय में नियमित पढ़ने को प्रमाणीकरण करवाना आवश्यक है। अभी जिले में लगभग 4616 बालक-बालिकाओं द्वारा सत्यापन कार्य नहीं करवाया गया है। उन्होंने बताया कि योजना की भातों का हवाला देते हुए बताया कि ऐसे अभी पालनहार लाभार्थियों को ई-मित्र के माध्यम से नवीनीकरण करवाया जाना सुनिश्चित करना होगा। प्रमाणीकरण के अभाव में विभाग द्वारा भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।

### केन्द्रीय मंत्री अंतर सिंह आर्य के दौरे को लेकर प्रोटोकॉल के निर्देश

**डूंगरपुर(पुकार)।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार के अध्यक्ष (केन्द्रीय मंत्री दर्जा प्राप्त) श्री अंतर सिंह आर्य 28 नवम्बर को उदयपुर से बांसवाड़ा जा रहे है। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड़ ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री श्री अंतर सिंह आर्य के दौरे को लेकर उपखण्ड अधिकारी आसपुर एवं साबला अपने-अपने क्षेत्र में आगमन से प्रस्थान एवं लाईजनिंग अधिकारी का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए है। वहीं, जिला पुलिस अधीक्षक डूंगरपुर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

### जहरीले जानवर के काटने से दो किसानों की मौत

**डूंगरपुर(पुकार)।** आसपुर थाना क्षेत्र में रविवार रात को दो अलग-अलग घटनाओं में जहरीले जानवर के काटने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वसुंधरा छोटी निवासी हमीरसिंह पुत्र धूलसिंह राठौड़ शाम के समय अपने खेतों में गए थे। वहां किसी जहरीले जानवर ने उन्हें काट लियाए जिससे वे बेहोश हो गए। पास में काम कर रहे परिजनों ने घटना की जानकारी घरवालों को दी। हमीर सिंह को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी आसपुर ले जाया गयाए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में सकानी निवासी देवीलाल पुत्र कमजी मीणा अहमदाबाद से एक दिन पूर्व लौटे थे। रविवार को वे खेतों में गेहूं की सिंचाई के लिए गए थे। रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खेत में देवीलाल बेसुध हालत में पड़ा मिला। जिसे परिजन हॉस्पीटल लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। सोमवार सुबह दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### बिजली कार्मिकों का कार्य बहिष्कार

**डूंगरपुर(पुकार)।** प्रदेश में बिजली के क्षेत्र में उत्पादन, प्रसारण और निगमों में विभिन्न प्रक्रियाओ एवं एचएएम मॉडल के नाम पर किये जा रहे निजीकरण के विरोध में सोमवार को डूंगरपुर जिले में बिजली विभाग के कार्मिको ने अपने कार्य का बहिष्कार किया। सभी एईएन ऑफिस पर बिजली कार्मिकों ने निजीकरण के विरोध में धरना देकर प्रदर्शन किया। वहीं सीएम के नाम ज्ञापन सौंपे गए। राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर डूंगरपुर जिले में भी बिजली विभाग के कार्मिकों ने निजीकरण के विरोध में सोमवार को अपने कार्य का बहिष्कार किया। वहीं, कार्य बहिष्कार के तहत बिजली कार्मिकों ने सभी एईएन ऑफिस पर धरना देकर प्रदर्शन किया। इसी के तहत डूंगरपुर शहर के बिजली विभाग के एईएन ऑफिस पर भी बिजली कार्मिको ने कार्य बहिष्कार करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। भारतीय मजदूर सिंह के पदाधिकारी नंदलाल पंड्या ने बताया की सरकार ने सभी डिस्कॉम में विद्युत केन्द्रों का संचालन, कमीशनिंग फीडर ट्रंकी बेसिस स्कीम, एमबीसी मीटरिंग, बिलिंग व कलेक्शन के नाम पर और प्रसारण निगम को कलस्टर व इनविट मॉडल सहित उत्पादन निगम को जॉइंट वेंचर मॉडल के आधार पर निजीकरण पर देने के टेंडर निकाल दिए है। संघर्ष समिति द्वारा इस प्रकार के निजीकरण का विरोध किया जा रहा है।

**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दुरभाष स. 0294.2421255ए 2420013, Helpline no.0294-2426262,
Email:- ceoudr.lsg@rajasthan.gov.in electricalumc50@gmail.com
Website :- https://udaipurmc.org/
क्रमांक : विद्युत / 2024–25 / 909 दिनांक :– 22.11.24
**ई–बोली आमन्त्रण सूचना संख्या – ई 08/2024–25**
नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विद्युत सम्बंधित 01 कार्य जिनकी कुल अनुमानित लागत राशि 93.78 लाख के कार्य हेतु ई–प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से ऑनलाईन निविदा दिनांक 04.12.24 समय सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकरी www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
UBN No UNP2425SLOB00142
राज.संवाद / सी / 24 / 8252
आयुक्त, नगर निगम, उदयपुर

## संक्षिप्त समाचार

### नि:शुल्क 214 लोगों की आँखों की जाँच




**उदयपुर (पुकार)।** एस.बी.आई. फाउण्डेशन एवं तारा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सिरोही जिले के रोहिड़ा गांव में विशाल नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 214 लोगों ने आँखों की जाँच कराई। इनमें 31 लोगों को मोतियाबिन्द पाया गया। मोतियाबिन्द मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन उदयपुर स्थित तारा नेत्रालय में किया जायेगा। मरीजों को तारा संस्थान द्वारा बस से लाया जायेगा। शिविर को सफल बनाने में सरपंच पवन राठौड़ (समाज सेवी), रमेष धना (समाज सेवी) एवं मोहन का सराहनीय योगदान रहा। तारा संस्थान के संस्थापक व सचिव दीपेश मित्तल ने बताया कि शिविर के माध्यम से ग्रामीणों में आँखों की देखभाल तथा समय-समय पर जाँच के प्रति जागरुकता पैदा हो रही है। अभी तक 1 लाख 61 हजार मोतियाबिन्द के ऑपरेशन हो चुके है।

### रामलीला अभिनेताओं ने जाना सोलर कुकर



**उदयपुर (पुकार)।** रामायण प्रचारक मंडल काशी द्वारा भव्य रामलीला महोत्सव जो सुंदर वास में आयोजित की जा रही है उनके पांच अभिनेताओं ने अरविंद नगर में सोलर कुकर की कार्य प्रणाली समझी।

सोलर वूमेन डॉ मंजू जैन ने उन्हें इसकी कार्य प्रणाली समझाइ। उन्होंने इन अभिनेताओं से कहा कि निशुल्क मिलने वाली प्रभु की कृपा से यह जो सौर ऊर्जा है उससे मैं 40 वर्षों से भोजन बना रही हूं इसलिए आप भी इसका प्रचार प्रसार रामलीला मंचन के समय करें ताकि निशुल्क मिलने वाली इस सौर ऊर्जा का जन-जन सदुपयोग कर सके। डॉक्टर मंजू जैन ने उन्हें बताया कि इसमें एक साथ चार तरह के भोजन बनाया जा सकते हैं।

### योग जीवन शैली है, जो आध्यात्मिक मार्ग को प्रशस्त करती हैं – योगाचार्य पूरन सिंह राठौड़

**उदयपुर (पुकार)।** आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सेक्टर 4, उदयपुर में निशुल्क योग शिविर के सातवें दिन योग व षठकार्म क्रियाएं करवाई। नरेश पूर्बिया ने बताया कि योगाचार्य पूरन सिंह राठौड़ ने कठीन योगाभ्यास करवाया और षठकर्म क्रियाएं, कुंजल, जलनेति, सूत्रनेति, रबड़ नेति जल, कपालभाति, मुंह एवं नासिका द्वारा क्रिया करके दिखाया। योग जीवन शैली है जो आध्यात्मिक मार्ग को प्रशस्त करती है। पुरण सिंह राठौड़ का मुरली धर गट्टानी ने सम्मान किया। शिविर में 27, 28 व 29 नवंबर को हार्ट फुल मेडिटेशन प्रफुल्ल गांधी द्वारा करवाया जाएगा।

### इंजि. महावीर प्रसाद जैन जयपुर मे एमिनेंट इंजिनियर्स अवार्ड से सम्मानित



**उदयपुर (पुकार)।** 60 बसंत के महासचिव ऐवं एमबी कालेज पूर्व छात्र परिषद संरक्षक इंजि. महावीर प्रसाद जैन को उनके उत्कृष्ट अभियांत्रिकी सेवाओं के लिये जयपुर मे ईंजिनियर्स आफ इंडिया द्वारा एमिनेंट इंजिनियर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। संस्थान के मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि न्यूक्लियर पावर कार्पोरेशन मे एडि चीफ इंजिनियर के पद से सेवानिवृत्ति पश्चात इं एम पी जैन सा. उदयपुर की सामाजिक संस्थान से जुड़ समाज उपयोगी कार्य कर रहे है, जयपुर मे 23- 24 नवंबर क आयोजित सेमिनार के दौरान उन्हे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित दिया गया।

### नेशनल ग्रैपलिंग में 5 गोल्ड सहित 10 मेडल

**उदयपुर (पुकार)।** ग्रैपलिंग रेसलिंग कमेटी के सेक्रेटरी तुषार मेहता ने बताया कि हाल ही में हरिद्वार में आयोजित भारत सरकार से मान्यता प्राप्त भारतीय कुश्ती संघ के अधीनस्थ चौथी नेशनल ग्रैपलिंग रेसलिंग (कुश्ती) प्रतियोगिता में राजस्थान टीम में शामिल मेवाड़ के ग्रेपलरों ने अपना पूरा दमखम दिखाते हुए मांगीलाल सालवी ने दूसरी बार गी-नोगी (गी - जूडो जैसी यूनिफॉर्म में लड़ना, नोगी- कुश्ती जैसी यूनिफॉर्म में लड़ना) इवेंट में गोल्ड मेडल जतिन पटेल गोल्ड मेडल गी-नोगी में श्वेतांक जोशी गोल्ड गी में सिल्वर नोगी में पायल मेहता ने सिल्वर गी में रिया आसवानी ब्रॉन्ज मेडल गी - नोगी में कृष्णा आसवानी सिल्वर मेडल नोगी में हर्ष जैन काव्य जैन ब्रॉन्ज मेडल नोगी में यश शर्मा व मंथन जोशी ने ब्रॉन्ज मेडल गी इवेंट में प्राप्त किया। उदयपुर लौटने पर कमेटी की रुक्मणि लोहार रिंकू गोस्वामी शिक्षिका टीना प्रजापत ने स्वागत किया।

### युगधारा की काव्य विधा पर ऑनलाइन गोष्ठी

**उदयपुर (पुकार)।** साहित्यिक सांस्कृतिक एवं वैचारिक संस्था युगधारा की काव्य विधा पर ऑनलाइन गोष्ठी की आयोजित की गई। मुख्य अतिथि घनश्याम सिंह कीनिया व विशिष्ट अतिथि राजकुमार शर्मा थे। अध्यक्षता युगधारा अध्यक्ष किरण बाला 'किरन' ने की। कार्यक्रम का संचालन सुनिता सिंह ने किया एवं धन्यवाद लोकेश चौबीसा ने दिया। गोष्ठी में जगदीश तिवारी, पुष्कर गुप्तेश्वर, अशोक जैन, प्रमोद सनाढ्य, प्रकाश तातेड़, संजय गुप्ता, श्याम मठपाल, घनश्याम सिंह किनिया, डॉ विजय लक्ष्मी, छत्र छाजेड़, मधु मनमौजी, पूनम भू, लोकेश चौबीसा, मंगल कुमार जैन, मयुरा महेता, विमला महरिया, दिलीप खत्री, राजकुमार शर्मा, गोविंद सिंह, सुनिता सिंह, अखिलेश जोशी, पाखी जैन, सपना जैन और जितेन्द्र पालीवाल ने अपनी सुरुचिपूर्ण उत्कृष्ट रचनाएं प्रस्तुत की।

### अन्य राज्य की 54 बोतल शराब बरामद

**उदयपुर (पुकार)।** आबकारी आयुक्त शिव प्रसाद नकाते के निर्देशन में आबकारी निरोधक दल ने दबिश की कार्यवाही करते हुए शौभागपुरा स्थित मीरा नगर के एक सूने मकान से अन्य राज्य की विभिन्न ब्रांड की कुल 54 बोतल शराब बरामद की। बरामद शराब का बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 31 हजार 480 रूपए है।

उक्त शराब शादी पार्टी के आयोजन के लिए सप्लाई की जानी थी जिसे दबिश देकर बरामद किया गया। नियमानुसार एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की गई। उक्त दबिश की कार्यवाही आबकारी वृत निरीक्षक गिर्वा राहुल शर्मा द्वारा अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रदीप सिंह सांगावत, उपायुक्त देवेन्द्र दशौरा, जिला आबकारी अधिकारी नीलम लखारा एवं सहायक आबकारी अधिकारी भरत मीणा के निर्देशन में की गई।

# राज्य स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ







## 7 जिलों के 1300 से अधिक खिलाड़ी ले रहे भाग

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता - 2024 का शुभारंभ सोमवार को महाराणा प्रताप खेलगांव उदयपुर में हुआ। प्रतियोगिता में जनजाति उपयोजना क्षेत्र के 7 जिलों से 1300 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह खेलगांव स्थित स्टेडियम में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, अतिरिक्त आयुक्त (टीएडी) गितेशश्री मालवीया, आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक ओपी मीणा, समाजसेवी प्रमोद सागर तथा रविन्द्र श्रीमाली, राज्य जनजाति खेल अधिकारी नरेंद्र भूरिया के आतिथ्य में हुआ।

प्रारंभ में जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल ने अतिथियों का उपरणा एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। राज्य जनजाति खेल अधिकारी भूरिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए राज्य सरकार की ओर से खिलाड़ियों को प्रदत्त सुविधाओं तथा खेल योजनाओं की जानकारी देते हुए उससे लाभान्वित होने का आह्वान किया। जिला खेल अधिकारी पालीवाल ने अवगत कराया कि प्रतियोगिता में उदयपुर, सलूम्बर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, सिरोही और बारां जिलों के तकरीबन 1300 से अधिक जनजाति खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इसमें हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, कबड्डी, एथलेटिक्स सहित 8 खेल होंगे। प्रतियोगिता का समापन 27 नवम्बर को होगा।

समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य में तेजी से सुधार होता है। खेल ही एक ऐसा माध्यम है जिनसे व्यक्ति नियमितता, अनुशासन जैसे नैतिक मूल्यों से समृद्ध होकर अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकता है।

समारोह में समाजसेवी प्रमोद सामर ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। वहीं नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश ने खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा की। मंचीय कार्यक्रम के पश्चात कबड्डी मैच के साथ प्रतियोगिता का आगाज हुआ।

समारोह में पूर्व ललितसिंह झाला, विक्रमसिंह चंदेला, सुनीता भण्डारी, अजीत जैन, शकील हुसैन, बांसवाड़ा खेल अधिकारी धनेश्वर मईड़ा, डूंगरपुर खेल अधिकारी नरेश डामोर, प्रतापगढ़ खेल अधिकारी हिमांशु राजौरा, बारां खेल अधिकारी विशालकुमार, सिरोही खेल अधिकारी अमित शर्मा, राजसमंद खेल अधिकारी धर्मदेवसिंह, झालावाड़ा के खेल अधिकारी कृपाशंकर सहित बड़ी संख्या में खेल प्रशिक्षक व खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रणवीरसिंह राणावत ने किया। कार्यक्रम का संचालन रणवीर सिंह राणावत ने किया।

प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को हॉकी मैच में उदयपुर से सलूंबर एवं बारा से डूंगरपुर के बीच सेमीफाइनल मैच होगा।

बालिका वर्ग में सेमीफाइनल प्रथम मैच उदयपुर से बारा एवं द्वितीय मैच डूंगरपुर से बासवाड़ा का होगा। बास्केटबाल में बासवाड़ा से प्रतापगढ, डूगरपुर से बासवाडा के बीच मैच होंगे। कब्बड्डी में बासवाड़ा से बारा का मुकाबला होगा। एथलेटिक की प्रतियोगिता एमबी ग्राउण्ड एवं फुटबाल की प्रतियोगिता देहली पब्लिक स्कूल में होगी।

## सुविवि में भुस्थानिकी प्रौद्योगिकी के उपयोग पर 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# भूस्थानिकी प्रौद्योगिकी मानवीय जीवन का अभिन्न अंग -डॉ. चौहान





**उदयपुर (पुकार)।** इसरो के राष्ट्रीय दूरसंवेदन केन्द्र, हैदराबाद के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान ने कहा कि भूस्थानिकी प्रौद्योगिकी का उपयोग मानव जीवन की हर गतिविधि में शामिल है। किसी क्षेत्र के भौतिक स्वरूप, वहाँ भूमि, जल, जैव, सौर ऊर्जा की उपलब्धता, विकास कार्यों से सही व विशस्त मूल्यांकन भूस्थानिकी प्रौद्योगिकी के माध्यम से किया जा सकता है। डॉ. चौहान मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तत्वाधान में भूस्थानिकी प्रौद्योगिकी के उपयोग पर आयोजित हो रहे 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे।

डॉ. चौहान ने बताया कि भारत सरकार द्वारा घोषित 'भूस्थानिकी प्रौद्योगिकी नीति 2023' ने इस प्रौद्योगिकी को आम जन द्वारा उपयोग किये जाने का रास्ता खोल दिया गया है। पहले भूस्थानिकी आंकड़ों के प्रकाशन पर प्रतिबन्ध था जिसके कारण इनका उपयोग नहीं हो रहा था।

डॉ. चौहान ने आगे कहा कि व्यापक भौगोलिक क्षेत्र वाले भारत वर्ष में आज वार्षिक विकास दर लगभग 7 प्रतिशत है।

तीव्र गति से हो रहे विकास कार्यों से तीव्र परिवर्तन हो रहे है। ऐसे में समय पर आवश्यकतानुसार संसाधनो की उपलब्धता, उपभोग और आवश्यकता के मूल्यांकन के लिये भूस्थानिकी आंकड़े ही सबसे विश्वस्त व उपयोगी स्त्रोत है। डॉ. चौहान ने बताया कि आज सौर ऊर्जा, आयकर विभाग द्वारा कृषि आय, प्राकृतिक आपदाओं से हुये नुकसान इत्यादि के मूल्यांकन के लिये ये प्रौद्योगिकी बहुत ही उपयोगी साबित हो रही है।

इस प्रशिक्षण कार्य के उद्घाटन के अवसर पर भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी डिवीजन की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शुभा पाण्डेय ने कहा कि भारत सरकार कृत संकल्प है कि भूस्थानिकी प्रौद्योगिकी का उपयोग आमजन के जीवन का हिस्सा बन जाये।

सुविवि के भूगोल विभाग की अध्यक्ष एवं प्रशिक्षण कार्य की आयोजिका प्रोफेसर सीमा जालान ने बताया कि 21 दिवसीय प्रशिक्षण में 5 राज्यों से सरकारी कार्मिक, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों से शिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षणार्थियों को जी.पी.एस., लिडार, मशीन लर्निंग, इन्टरनेट लर्निंग आफ थिंगस, ड्रोन सर्वेक्षण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साईन्स इत्यादि पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

समारोह की अध्यक्षता सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की सह अधिष्ठाता प्रोफेसर दिग्विजय भटनागर द्वारा की गयी। इससे पूर्व भूगोल विभाग में नवस्थाजित 'भूस्थानिकी प्रौद्योगिकी कौशल केन्द्र एवं उद्यमिता प्रकोष्ठ' का उद्घाटन किया गया।

## स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़े के तहत बैंकर्स के साथ ली बैठक

**उदयपुर (पुकार)।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने सोमवार को स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़े के तहत समीक्षा बैठक लेकर अभी तक किए गए कार्यों की जानकारी प्राप्त की। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि नगर निगम द्वारा 18 नवंबर से 2 दिसंबर तक स्वनिधि भी स्वाभिमान भी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा हैं इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाइ जा रही विभिन्न योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभ को लेकर ज्यादा से ज्यादा पथ विक्रेता लाभान्वित हो सके इस बारे में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में निगम अधिकारियों से आयुक्त ने वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त कर जिला परियोजना अधिकारी ज्योति पंवार से अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। बैठक में उदयपुर के विभिन्न बैंकों के अधिकारी कर्मचारियों को भी सम्मिलित किया गया जिससे जल्द से जल्द योजना से वंचित पथ विक्रेताओं को लाभ मिल सके। आयुक्त ने बैंक कर्मचारियों को कहां की पथ विक्रेता आवश्यकता होने पर ही आपसे संपर्क करते हैं और उन्हें जल्द ही औपचारिकता पूरी कर लोन देने की व्यवस्था करावे। आयुक्त ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी अपील की गई है कि सभी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो ऐसी कवायद की जाए।

**इन योजनाओं से होंगे लाभान्वित :** नगर निगम में राम प्रकाश ने बताया कि पाठ विक्रेताओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोन योजना में प्रमुख रूप से जीवन ज्योति, जीवन सुरक्षा, आयुष्मान, मातृ वंदन, जननी सुरक्षा, वन नेशन वन राशन, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना आदि योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। जो भी पथ विक्रेता अभी तक इन योजनाओं से वंचित है वह नगर निगम में आकर जिला परियोजना अधिकारी से संपर्क करें।

बैठक में जिला परियोजना नगर निगम से मुकेश कुमार, हेमंत घारू, शहनाज़ खान आदि उपस्थित रहे।

## उदयपुर फुटबॉल लीग में बीएन की बल्ले -बल्ले

**उदयपुर (पुकार)।** बीएन बीएन फुटबॉल अकादमी की ओर से दिनांक 19 नवंबर से 22 नवंबर 2024 तक उदयपुर फुटबॉल लीग मैच का आयोजन किया गया। कोच तनुज प्रताप सिंह ने बताया कि उदयपुर फुटबॉल लीग ओपन टूर्नामेंट था जिसमें विभिन्न स्कूलों एवं फुटबॉल अकादमी की ओर से टीमों ने भाग लिया। राजस्थान फुटबॉल स्कूल, सेंट ग्रेगोरियस स्कूल, स्टोलियन फुटबॉल अकादमी, भूपाल नोबल्स पब्लिक स्कूल की ओर से दो टीमों आदि 10 विभिन्न टीमों ने भाग लिया। उपरोक्त लीग मैच के परिणामों की श्रृंखला में विशेष बात यह रही की फाइनल में विजेता टीम व रनर अप दोनों ही बी एन पब्लिक स्कूल की टीम ए और टीम बी रही। टीम ए का नेतृत्व अर्जुन सिंह राठौड़ ने व टीम बी का नेतृत्व सौम्यवीर सिंह ने किया। प्राचार्या डॉ.सीमा नरूका ने दोनों टीमों के कप्तानों को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



## श्री मनोकामेश्वर महादेव मंदिर का छप्पन भोग महोत्सव

**उदयपुर (पुकार)।** श्री मनोकामेश्वर महादेव मंदिर एकलिंग कॉलोनी सेक्टर 3, उदयपुर में को भगवान भोलेनाथ सहित ठाकुर जी का दिव्य छप्पन भोग का आयोजन किया गया। नरेश पूर्बिया ने बताया कि अध्यक्ष भरत लाल अरोड़ा, मंत्री डॉ बी एल असावा, कोषाध्यक्ष गोविंद लाल धुप्पड, संपत लाल माहेश्वरी सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य व्यवस्था में लगे हुए थे। छप्पन भोग दर्शन सायं 6 बजे, महा आरती 7 बजे एवं महा आरती के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया। भोलेनाथ के दो फीट ऊंचे महाकाल स्वरूप शिवलिंग के दर्शन कर भक्तजन मंत्र मुग्ध हो गए। जय बजरंग बली मित्र मंडल द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। करीब 700 भक्तों का महाप्रसादी का आनंद लिया।



## मेवाड़ जनशक्ति दल द्वारा स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती का भव्य स्वागत

**उदयपुर (पुकार)।** मेवाड़ जन शक्ति दल संगठन में प्रातः स्मरणीय मेवाड़ के दीवान प्रभु एकलिंगनाथजी की कृपा से संगठन की माला में 'प्रेरणा पाथेय' स्वरुप स्वामी हितेशवरानंद सरस्वती महाराज का सदैव के लिए संगठन में पवित्र उपस्थिति एवं आशीर्वाद हेतु जुड़ाव हुआ गुरुदेव की आध्यात्मिक चेतना, ज्ञान और प्रेम की शक्ति से संगठन को नई दिशा एवं ऊर्जा मिलेगी।

संस्थापक नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि गुरुदेव के संगठन में पवित्र आगमन का स्वागत मेवाड़ जनशक्ति दल की समस्त कार्यकारिणी द्वारा स्वागत, स्वागत वाटिका सेक्टर 3 उदयपुर में किया गया।

संगठन के संभाग महामंत्री डॉ नंदलाल जोशी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति वंदना के साथ हुआ। सर्वप्रथम संस्था के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। पश्चात मार्गदर्शन डॉक्टर बाल गोपाल शर्मा द्वारा मेवाड़ जनशक्ति दल की जानकारी प्रदान की गई।




एडवोकेट निर्मल कुमार पंडित द्वारा संस्था की आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

संगठन के संरक्षक अतुल शर्मा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की, स्वामी विवेकानंद सरस्वती महाराज अपने उद्बोधन में कहा कि सभी सनातनियों को एक रहते हुए कार्य करने की आवश्यकता है और संगठित रहने की आवश्यकता है, जातपात छोडक़र सबको संगठन की एक माला में रहने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में मार्गदर्शक मंडल से गिरीश जोशी, डॉक्टर बाल गोपाल शर्मा, राहुल मेघवाल, संरक्षक मंडल से निर्मल कुमार पंडित, डॉ राजीव पांड्या, संजय बजाज, अतुल शर्मा, संभाग अध्यक्ष जगदीश मेनारिया, संभाग महामंत्री डॉ. नंदलाल जोशी, उपाध्यक्ष मोतीलाल औदिच्य, आशीष मेहता, आशीष शर्मा, ओमप्रकाश औदिच्य, आशीष मेहता, जिला अध्यक्ष देवेंद्र बोयल, जिला उपाध्यक्ष बद्रीलाल खारोल, प्रदीप शर्मा, घनश्याम गर्ग, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर श्रीमाली, जयप्रकाश पानेरी, कैलाश नागदा, रवि सोनी, निलेश कुमावत, राजवीर सिंह, नितेश जननावत, प्रदीप सिंह परिहार, रित्विक चौबीसा, उदय सिंह देवड़ा, रमेश शर्मा, संजय बजाज, विजय पालीवाल, घनश्याम गर्ग, सुरेश मेनारिया, रमेश कोटिया आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन संभाग महामंत्री डॉ. नंदलाल जोशी ने किया तथा आभार उद्बोधन मार्गदर्शक गिरीश जोशी ने प्रदान किया।

## टेक्निकल पोस्टर व शोध पत्र की प्रस्तुति

**उदयपुर (पुकार)।** गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज डबोक के इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इन्जिनियरिंग के तत्वाधान में इमर्जिंग ट्रेंड्स इन इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी पर टेक्नीकल पोस्टर एवं शोध पत्र की प्रस्तुति दी गई। संस्थान निदेशक डॉ. एन. एस. राठौड ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रचनात्मक, विश्लेषणात्मक कौशल और तकनीकी नवाचार आदि पर विचार प्रस्तुत किए। इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इन्जिनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप के अनुसार निर्णायक एस.पी.एस.यू. उदयपुर के रिसर्च डायरेक्टर डॉ. प्रसुन चक्रवर्ती, सीटी.ए.ई. उदयपुर के इलेक्ट्रिकल इन्जिनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रमादित्य दवे, सिक्योर मीटर्स के मैनेजर आशुतोष सिंह, गिट्स मैकेनिकल विभाग के प्रो. डॉ. विष्णु अग्रवाल थे। वित्त नियंत्रक बी.एल. जांगिड ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं एकेडमिक और इण्डस्ट्री के बीच की दूरी को कम कर छात्रों को वास्तविक दुनिया से रूबरू कराती हैं। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. आरती शर्मा एवं असिस्टेंट प्रोफेसर संदीप चंगेरिवाल द्वारा किया गया। संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर शैलेजा राणावत ने किया।

## बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए नामांकन किए दाखिल

**उदयपुर (पुकार)।** बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। बार एसोसिएशन के चुनाव 13 दिसंबर को होंगे। सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए शिव कुमार उपाध्याय व चेतन पुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष पद के लिए देवी लाल जाट, महासचिव पद के लिए महावीर प्रसाद शर्मा, सचिव पद के लिए सुरेश प्रजापत, वित्त सचिव पद के लिए राज कुमार शर्मा, पुस्तकालय सचिव पद के लिए मांगी लाल खटीक व श्री खेमराज डांगी ने नामांकन दाखिल किए। मंगलवार को नामांकन की अंतिम तिथि है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.